हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 77 पृष्ठ :8 | www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, गुरुवार 5 जनवरी, 2023 मूल्य 1.50

## गोशाला संचालन के लिए इच्छुक एनजीओ के साथ हो एमओयू : योगी

### योगी ने कहा कि गोशाला चलाने के लिए उसकी अर्थव्यवस्था बनाने की आवश्यकता है

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संबंधित विभाग गोशाला संचालन के लिए इच्छुक एनजीओ के साथ एमओयू करें और उन्हें आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराएं।

**व्यवस्था**

- » गोशालाओं का निर्माण पीपीपी मोड पर किया जाए
- » नेचुरल फार्मिंग, गोबर पेंट, सीएनजी और सीबीजी से जोड़ा जाए
- » गायों के रखरखाव एवं पालन पर आने वाला खर्च खुद उठा सकेंगी

वृहद गौ आश्रय स्थल के संबंध में प्रस्तुतिकरण के दौरान योगी ने बुधवार को कहा कि गोशाला चलाने के लिए उसकी अर्थव्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए एक सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल बनाया जाए। गोशालाओं का निर्माण पीपीपी मोड पर किया जाए। साथ ही उन्हें नेचुरल फार्मिंग, गोबर पेंट, सीएनजी और सीबीजी से जोड़ा जाए। इससे गोशालाएं आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगी और गायों के रखरखाव एवं पालन पर आने वाला खर्च खुद उठा सकेंगी। इस दौरान पशुधन मंत्री के साथ ही वित्त, ऊर्जा, पंचायतीराज, ग्राम विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश में दो से तीन हजार गोवंश धारण की क्षमता वाले आश्रय स्थलों के निर्माण को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया गया। योगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई सहभागिता योजना को पूरे प्रदेश में तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। इस योजना के तहत निराश्रित गोवंश को पालने वाले किसानों को प्रति गोवंश 900 रुपये मासिक दिए जा रहे हैं। भू



सत्यापन के बाद किसानों को उनका भुगतान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पशुधन विभाग व्यवहारिक रूप से योजना बनाए। विभागीय अधिकारी अनिर्णय की स्थिति से बचें और रुचि व प्राथमिकता के आधार पर गो सेवा के लिए कार्य योजना तैयार करें। हर स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे साल का प्रबंधन कैसे हो इसका ख्याल रखकर कार्य योजना बनाई जाए। अप्रैल-मई में ही पूरे साल के लिए हरा चारा, भूसा और चोकर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी गो आश्रय स्थल चल रहे हैं उनका पैसा रिलीज करें। साथ ही निराश्रित गोवंश को पालने वाले पशुपालकों का भी पैसा रिलीज करें। योगी ने कहा कि भारतीय नस्ल की गोवंश को सफाई और चारागाह की जगह चाहिए होती है अगर उन्हें यह नहीं मिलेगा तो वह बीमार पड़ जाएंगी, जो भी गोशालाएं बनाई जाए उनमें इस बात का विशेष ध्यान में रखा जाए। सरकार द्वारा चलाई जा रही निराश्रित गो आश्रय स्थल, सहभागिता योजना और कुपोषित परिवारों के लिए एक गाय की योजना गो संरक्षण में काफी प्रभावी है। पूरे प्रदेश में इन तीनों योजनाओं को अभियान चलाकर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ठंड और भूख से किसी गोवंश की मौत नहीं होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें। दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और बेसहारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए नस्ल सुधार योजना में तेजी लाएं। इस योजना के तहत पशुपालक सरकारी पशु अस्पतालों में कृत्रिम गर्भाधान करवा मवेशियों की नस्ल को सुधार सकते हैं। इससे दुग्ध का उत्पादन तो बढ़ेगा साथ ही मवेशियों की नई नस्ल भी तैयार हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि इन मीटिंग्स के बीच में वोकहॉर्ट के चेयरपर्सन हबील एफ खोरकीवाला, इंडियन मर्चेंट चैंबर्स के प्रेसीडेंट अनंत सिंहानिया, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के डॉ. तुषार मोतीवाला, स्टार एंड डिज्नी इंडिया के उदय शंकर, ध्रुव एडवाइजर्स के फाउंडर व सीईओ दिनेश कानाबार, केकेआर इंडिया के सीईओ संजय नायर और एवर्सूटन ग्रुप के वाइस चेयरमैन धनपाल झावेरी का प्रतिनिधिमंडल भी सीएम से मुलाकात करेगा। इसके अलावा हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा, हिंदुस्तान यूनिलिवर लि. के सीईओ व एमडी संजीव मेहता, रैमकी ग्रुप ऑफ कंपनीज के फाउंडर अला अयोध्या रामी रेड्डी, हीरो साइकिल के पंकज मुंजाल, आरपीजी एंटरप्राइज (सिएट टायर्स) के वाइस चेयरमैन व एमडी अनंत गोयनका और लार्सेन एंड्र टूब्रो लि. के सीईओ व एमडी एस एन सुब्रमण्यम के साथ भी सीएम का देर शाम तक बैठकों का दौर चलेगा।

गुरुवार को ही बैठकों के बीच मुख्यमंत्री की फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ मुलाकात होगी। इस अवसर पर मेहमानों को फिल्म बंधु और फिल्म सिटी पर शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी, जिसमें इस प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी होगी। इस दौरान सीएम योगी इन प्रतिनिधियों से फिल्म सिटी के प्रमोशन व इन्वेस्टमेंट को लेकर चर्चा करेंगे। फिल्म जगत से जिन लोगों को इस मुलाकात के लिए आमंत्रित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुधवार को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया।सर गंगा राम अस्पताल के अध्यक्ष (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी आज हमारे अस्पताल में भर्ती हुई हैं। उन्हें डॉ. अरूप बसु और उनकी टीम की देखरेख में चेस्ट मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया है। डॉ. स्वरूप ने कहा कि वायरल रेस्पिरेटरी इंफेक्शन की निगरानी और इलाज के लिए उसे भर्ती कराया गया है। इस बीच, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ट्वीट किया, यह जानकर दुख हुआ कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### सुप्रीम कोर्ट से पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की सीबीआई जांच करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने 27 अक्तूबर 2020 को दो पत्रकार उमेश शर्मा और शिव प्रसाद सेमवाल के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए भाजपा नेता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने नोट किया कि दोनों पत्रकारों ने अपने खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और उन्होंने सोशल मीडिया पर रावत के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग नहीं की थी।

### कपिल मुनि मंदिर पहुंची ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंगासागर में कपिल मुनि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ने गंगासागर मेले के लिए राष्ट्रीय दर्जे की मांग की। उन्होंने तीन हेलीपैड का उद्घाटन भी किया। ममता बनर्जी ने मांग की है कि केंद्र राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले को राष्ट्रीय दर्जा दे। उन्होंने यह भी कहा कि तीर्थयात्रियों को सागर द्वीप तक आसानी से पहुंचने में मदद करने के लिए मुरी गंगा नदी पर एक पुल बनाने के उनके बार-बार के अनुरोध पर केंद्र ने कोई ध्यान नहीं दिया है। अब उनकी सरकार इसके निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रही है।

### गुजरात में मिली करारी हार की समीक्षा करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग समिति का गठन किया है। समिति गुजरात में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के परिणामों की समीक्षा करेगी। कमेटी दो सप्ताह के भीतर पार्टी अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेगी। दरअसल, गुजरात विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। वह 17 सीटों पर ही सिमट गई थी। देश की सबसे पुरानी पार्टी का राज्य में अब तक यह सबसे बुरा प्रदर्शन है। इससे पहले 1990 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे नीचे गिरा था।

## नड्डा करेंगे महासचिवों से मुलाकात

### कार्यकारिणी की बैठक से पहले बनेगी रणनीति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 10 जनवरी को पार्टी के महासचिवों के साथ एक विशेष बैठक करेंगे। बैठक में कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने और पार्टी की अगली रणनीति बनाए जाने की संभावना है। इसमें दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, इस साल नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारी दिए जाने और 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति बनाने पर चर्चा हो सकती है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पूर्व होने वाली इस बैठक को संगठनात्मक तैयारियों की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

**रणनीति**

- » बैठक में कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने और पार्टी की अगली रणनीति बनाए जाने की संभावना है

भाजपा सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक (16-17 जनवरी) में पार्टी संगठन में विस्तार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के नए नामों पर मुहर लग सकती है। साथ ही इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। इस बैठक में नड्डा के साथ महासचिव संगठन बीएल संतोष समेत अन्य महासचिव शामिल होंगे। भाजपा महासचिवों की सूची में अरुण सिंह, तरुण चुघ, सीटी रवि, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, दिलीप सैकिया, डी पुरंदेश्वरी और कैलाश विजयवर्गीय शामिल हैं।

पार्टी इस बार दक्षिण भारत के राज्यों में अपना विस्तार करने की रणनीति बना रही है। कर्नाटक में पार्टी पहले ही काफी मजबूत स्थिति में है, जबकि तेलंगाना को



वह अपने लिए सबसे ज्यादा उपजाऊ मानकर चल रही है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और केरल में भी पार्टी विशेष रणनीति के अंतर्गत अधिक सीटें जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। जेपी नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इसी महीने 20 तारीख को पूरा हो रहा है। पार्टी संविधान के मुताबिक इसके बाद पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाना चाहिए। लेकिन इसी साल नौ प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें कर्नाटक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। माना जा रहा है कि पार्टी ऐसे महत्त्वपूर्ण समय में संगठन में बदलाव करने से बचेगी। चूंकि, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पार्टी के लिए काफी अच्छा साबित हुआ है। माना जा रहा है कि उन्हें कार्यकाल में विस्तार मिल सकता है। इसकी पुष्टि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की होने वाली बैठक में की जा सकती है।

## 84 फीसदी और आतंकवादियों की भर्ती में करीब 22 फीसदी की कमी आई : शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर सुरक्षा बलों का पूर्ण नियंत्रण है। जम्मू कश्मीर पर गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ये बातें कही गईं हैं। जारी समीक्षा रिपोर्ट में गृह मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में 42 हजार लोगों ने आतंकवाद के आगे घुटने टेके और दिल्ली में किसी ने पलक नहीं झपकाई, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर सुरक्षा बलों का पूरा नियंत्रण है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवादी घटनाओं में करीब 54 फीसदी, सुरक्षा बलों की मौत में 84 फीसदी और आतंकवादियों की भर्ती में करीब 22 फीसदी की कमी आई है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर फरवरी 2022 की समीक्षा बैठक में शाह के बयान के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की, जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है।

**सुरक्षा**

- » प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर सुरक्षा बलों का पूर्ण नियंत्रण है

गृह मंत्रालय के दस्तावेज में कहा गया है, आतंकी घटनाओं की संख्या 2018 में 417 से घटकर 2021 में 229 हो गई है, जबकि शहीद सुरक्षा बलों के जवानों की संख्या 2018 में 91 से घटकर 2021 में 42 हो गई है। हालांकि, शाह ने निर्देश दिया कि शून्य सीमा पार घुसपैठ सुनिश्चित करने और आतंकवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत किया जाना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर पर हुई कई बैठकों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सुझावों और भाषणों के संकलन के साथ 2022 की साल के अंत की समीक्षा के सारांश में गृह मंत्रालय ने कहा कि अब जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर सुरक्षा बलों का पूर्ण नियंत्रण है। कश्मीर आतंकवादी हॉटस्पॉट से पर्यटक हॉटस्पॉट में बदल गया है। कश्मीर घाटी



में पहले हर साल अधिकतम 6 लाख पर्यटक आते थे, जबकि इस साल अब तक 22 लाख पर्यटक आ चुके हैं, इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में गृह मंत्री के भाषण का हवाला दिया गया है, जो उन्होंने 5 अक्टूबर, 2022 को श्रीनगर में दिया था, जब उन्होंने क्षेत्र में 2,000 करोड़ रुपये की 240 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। शाह के हवाले से गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है, 70 साल तक तीन परिवारों के शासन में जम्मू-कश्मीर में केवल 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आया और मोदी ने केवल तीन वर्षों में 56,000 करोड़ रुपये का निवेश दिया है।

## ठंड से बचाव के इंतजाम नहीं किये भाजपा सरकार ने : अखिलेश

**संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण ठंड से गरीबों और निराश्रित को बचाने के लिये पर्याप्त बंदोबस्त नहीं किये हैं। यादव ने बुधवार को कहा कि कड़ाके की ठण्ड से जनजीवन बेहाल है। गरीब जनता से लेकर आम लोगों को जान बचाने के लाले पड़ गए है। पूरे प्रदेश में सर्दी

**तीखें बोल**

- » गरीब जनता से लेकर आम लोगों को जान बचाने के लाले पड़ गए
- » पूरे प्रदेश में सर्दी की चपेट में आने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी

की चपेट में आने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार की तरफ से



लोगों को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। भाजपा सरकार ने लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। उन्होने कहा कि सरकारी आदेश सिर्फ दिखावटी है। रैन बसेरे कहीं भी दिखाई नहीं देते है। न कहीं अलाव का इंतजाम है और न कहीं गर्म कपड़े और कम्बल का वितरण हो रहा है। एक तरफ मौसम का सितम दूसरी तरफ सरकारी संवेदनहीनता गरीबों की जान पर भारी पड़ रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार में गरीबों और आम लोगों को कम्बल और गर्म कपड़ों का वितरण कराया जाता था।

## उत्तर प्रदेश में मिल रहा है भारत जोड़ो यात्रा को भारी समर्थन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' को उत्तर प्रदेश में ज़बरदस्त जन समर्थन मिल रहा है और यात्री दल का लोग जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के साथ ही विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और किसान संगठनों के साथ ही विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं। सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक भी गांधी से मिले और अग्निवीर योजना की आलोचना की। पार्टी नेताओं का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस तरह से लोग यात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहित हो रही है उससे साबित होता है कि प्रदेश में कांग्रेस की जड़े 32 साल से सत्ता में न होने के बावजूद अब भी बहुत गहरी हैं। भारत जोड़ों तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश पहुंची तो अपार जन समूह ने दिल खोलकर यात्रा का स्वागत कर उसे अपना समर्थन दिया।

## सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी, भारत को ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात केन्द्र बनाने का लक्ष्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश को 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ बुधवार को 19744 करोड़ रुपये की सहायता के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को कहा कि हमने सालाना 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। हम भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के निर्यात का वैश्विक हब बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल




में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन और उपकरणों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन देने की योजना को मंजूर किया है। इसके तहत देश में इलेक्ट्रोलाइजर्स के विनिर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन 2029-30 तक 17490 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया गया है।

### मुर्मू ने संगठन के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की तपस्यास्थली कुटिया, बाबा का ध्यानकक्ष, ऐतिहासिक सभागृह बारीकी से अवलोकन किया

## ब्रह्मा बाबा की समाधि पर राष्ट्रपति मुर्मू ने अर्पित किया पुष्पचक्र

**एजेंसी**

**माउंट आबू।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने आज यहां ब्रह्माकुमारी संगठन के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्माबाबा के समाधिस्थल शांतिस्तंभ पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुर्मू ने संगठन के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की तपस्यास्थली कुटिया, बाबा का ध्यानकक्ष, ऐतिहासिक सभागृह बारीकी से अवलोकन किया। बाबा की समाधि शांति सतंभ पर मानवीय कल्याण को अंकित महावाक्यों का अध्ययन कर

**की कामना**

- » जीवन में आई चुनौतियों से सीखकर आगे बढ़ने के अनुभव सांझा करते हुए कहा

दो मिनट मौन रहकर ध्यानयोग किया। मुर्मू ने इस अवसर पर अपने जीवन में आई चुनौतियों से सीखकर आगे बढ़ने के अनुभव सांझा करते हुए कहा कि जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने महसूस किया कि मुश्किलों के दौर में परमात्मा हर एक की मदद




करता है। कभी भी अकेले नहीं छोड़ता बशर्ते सर्वशक्तिमान परमात्मा पर अटूट विश्वास अटल निश्चय बना रहे। हर समय परमपिता परमात्मा का साथ और वरदानी हाथ अपने सिर पर अनुभव करते रहने से जीवन में आने वाली कठिनाईयों का सुगमतापूर्वक समाधान मिलता है। जिसका उन्हें अपने दैनिक जीवन में एक नहीं अनेकों अनुभव प्राप्त हैं।

मुर्मू ने ज्ञान सरोवर अकादमी परिसर में पीस कॉटेज के सामने पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. ऐपीजे अब्दुल कलाम एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदि विभिन्न अतिविशिष्ट लोगों की ओर से लगाये गए पौधे जो आज वृक्ष का रूप धारण कर चुके हैं उनके समीप ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन लंबी आयु के लिए स्वच्छ पर्यावरण की नितांत आवश्यकता है। जिसके लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए।

इससे पूर्व मुर्मू ने अलसुबह तीन बजे उठकर अपने आवासस्थल पीस कॉटेज में बने मेडिटेशन रूम में सहज राजयोग, ध्यान का अभ्यास किया। मेडिटेशन करने के बाद उन्होंने संगठन की संयुक्त मुख्य प्रशासिका डॉ. निर्मला दीदी से ईश्वरीय महावाक्यों का श्रवण किया। जिसके बाद ज्ञान सरोवर परिसर में नियमित आयोजित होने वाली प्रातःकालीन सभा में शामिल हुई।

# बुनकरों को बिजली बिल में मिले रियायत : योगी

## गोशालाओं के लिए बनाएं सेल्फसस्टेनेबल मॉडल

**योजना**

» पावर कारपोरेशन को बिजली के बिल में जरूरी रियायत दी जानी चाहिये

» प्रदेश में ढाई लाख से ज्यादा की संख्या में बुनकर पॉवरलूम से जुड़े हुए हैं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पावरलूम से जुडे बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिये पावर कारपोरेशन को बिजली के बिल में जरूरी रियायत दी जानी चाहिये। एमएसएमई बुनकर योजना से संबंधित एक प्रस्तुतिकरण के दौरान श्री योगी ने बुधवार को कहा ÷ प्रदेश में ढाई लाख से ज्यादा की संख्या में बुनकर पॉवरलूम से जुड़े हुए हैं। यही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। हमें इस व्यवस्था को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी को रोकते हुए प्रदेश के बुनकरों को बिजली के बिल में आवश्यक सब्सिडी दी जाए। पॉवर कॉर्परेशन इसको लेकर व्यवस्था बनाएं।÷

मुख्यमंत्री ने इस दौरान बिजली की खपत और उस पर दी जाने वाली सब्सिडी को लेकर सीएम ने अधिकारियों के साथ चर्चा की और कहा कि बुनकर व्यवसाय से जुड़े प्रदेश के बड़े केन्द्र जैसे अम्बेडकर नगर, वाराणसी, मऊ, गोरखपुर, मेरठ आदि जिलों के सम्भ्रांत बुनकर व्यवसायियों से बिजली अधिकारी बात करें और उनकी राय लें।

उन्होने कहा कि बुनकरों के लिए विद्युत खपत की योजना को नेट बिलिंग के साथ जोड़ते हुए सोलर पावर की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। हम अभी सोलर पैनल के इंस्टाल के लिए 30 हजार रुपए तक सब्सिडी दे रहे हैं। इसके लिए बुनकरों को प्रोत्साहित करें। मिशन मोड पर इस पर काम करें। पावर कंजम्पशन का मूल्य हर हाल में पावर कारपोरेशन को मिले यह भी सुनिश्चित करें।



श्री योगी ने कहा कि हमारे बुनकर आज भी पुरानी तकनीक पर कार्य कर रहे हैं। मार्केट में आज नई तकनीक और डिजाइन आ गयी हैं। बुनकरों को जल्द से जल्द अपग्रेड करते हुए उनके उत्पादों को समयानुकूल बनाएं। उनके डिजाइन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

**माघ मेले के लिए प्रयागराज में चलेंगी 2800 अतिरिक्त बसें**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने माघ मेले को लेकर बड़ा फैसला किया है। प्रयागराज में माघ मेले के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा 2800 अतिरिक्त बसे चलाई जाएंगी। इसके अवाला 200 को बसें रिजर्व में रहेंगी। जिले के निकटवर्ती तीर्थस्थलों के लिए 80 बसों का इंतजाम किया गया है। प्रयागराज में जनवरी-फरवरी में माघ मेले का आयोजन होगा, जिसमे आने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा यहां पर 2800 अधिक बसों का इंतजाम किया गया है। परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने क्षेत्रवार तरीके से बसों का आवंटन किया है। मेले में मौनी अमावस्या और बंसत पंचमी के दिन संगम पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, इसलिए 20 और 27 जनवरी को बस संचालन पर ज्यादा फोकस रहेगा। निकटवर्ती तीर्थस्थल काशी, विंध्याचल, चित्रकूट और अयोध्या के लिए भी 80 बसों का इंतजाम किया गया है।

# प्रदेश के ज्यादातर इलाके कड़ाके की ठंड की चपेट में

## बर्फीली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन भरी सर्दी पैदा कर दी

**प्रचंड सर्दी**

» प्रचंड सर्दी से हाल-फिलहाल राहत की कोई उम्मीद भी नहीं है

» घने कोहरे के कारण सूरज की तपिश जमीन तक नहीं पहुंच पा रही

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाके इस वक्त कड़ाके की ठंड की चपेट में है। प्रचंड सर्दी से हाल-फिलहाल राहत की कोई उम्मीद भी नहीं है। मौसम केंद्र लखनऊ के कार्यवाहक निदेशक मोहम्मद दानिश ने बुधवार को बताया कि हवा की ऊपरी सतह में घने कोहरे के कारण सूरज की तपिश जमीन तक नहीं पहुंच पा रही है। नतीजतन धूप नहीं निकलने से दिन का तापमान भी कम ही रह रहा है। दानिश ने बताया कि इसके साथ ही उत्तराखंड की ऊंचाई वाली पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बाद वहां से आ रही बर्फीली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन भरी सर्दी पैदा कर दी है। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है। हालांकि बृहस्पतिवार से ठंड के मिजाज में कुछ बदलाव आने की संभावना है लेकिन प्रचंड सर्दी से कोई खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घटों के दौरान राज्य के पश्चिमी हिस्सों में अनेक स्थानों पर तथा पूर्वी भागों में कुछ जगहों पर घना कोहरा छाया रहा जबकि राज्य के ज्यादातर पश्चिमी इलाके और कुछ पूर्वी हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद मंडलों में दिन के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा प्रयागराज मंडल में यह काफी नीचे रहा। राज्य के बाकी सभी मंडलों में भी अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अनेक मंडलों में रात का तापमान भी सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में फतेहपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान भी शीतलहर चलने की संभावना है और कुछ स्थानों पर घना कोहरा भी छाया रह सकता है। राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में भी घना कोहरा गिरने और दिन में शीतलहर चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। घने कोहरे और शीतलहर के कारण जनजीवन पर खासा असर पड़ा है।



## ग्रेटर नोएडा पश्चिम में सोसायटी के पास दिखा तेंदुआ, तलाशी अभियान जारी

● सोसायटी में मंगलवार की रात को तेंदुआ दिखाई देने के बाद देर रात से तलाशी अभियान चलाया जा रहा

**नोएडा।** जिले में थाना बिसरख क्षेत्र की एक निर्माणाधीन आवासीय सोसायटी में मंगलवार की रात को तेंदुआ दिखाई देने के बाद देर रात से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। मेरठ, नोएडा की वन विभाग की टीमें तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रही हैं। जनपद गौतम बुद्ध नगर के प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात को बिसरख थाना क्षेत्र की निर्माणाधीन अजनारा ली गार्डन सोसायटी में एक तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि मेरठ से वन विभाग की टीम को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए गौतम बुद्ध नगर और मेरठ वन विभाग की टीम तथा नोएडा पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया जो जारी है लेकिन आज सुबह तक तेंदुआ नहीं मिला है। ग्रेटर नोएडा पश्चिम की निर्माणाधीन सोसायटी में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना से आसपास रहने वाले लोगों में भी दहशत है। डीएफओ ने बताया कि लोगों से कहा गया है कि जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाए, वे घर से निकलते समय सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि जिस सोसायटी में तेंदुआ के दिखने की सूचना है, वहां फिलहाल कोई नहीं रहता लेकिन पास में कुछ मजदूरों की झोपड़ियां हैं जिन्हें सतर्क कर दिया गया है।

## जेएन मेडिकल कालिज में अमेरिकी चिकित्सक का व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज में 'इंटरमीडिएट रिस्क हाई रिस्क पल्मोनरी एम्बोलिज्म' पर सेंट लुइस यूनिवर्सिटी, मर्सी हास्पिटल, यूएसए में क्रिटिकल केयर, न्यूरो-क्रिटिकल केयर विभाग के एडजंक्ट एसोसिएट प्रोफेसर डा अनूप कत्याल ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इंटरमीडिएट रिस्क हाई रिस्क पल्मोनरी एम्बोलिज्म, अल्ट्रा हाई रिस्क इंटरमीडिएट रिस्क, और पल्मोनरी एम्बोलिज्म से संबंधित अन्य विकल्पों जैसे संशोधित मिलर स्कोर, थक्का विघटन, हेमोडायनामिक्स में सुधार, अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम, आक्सीजनेशन, आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्रोनिक थ्रोम्बोम्बोलिक पल्मोनरी हाइपरटेंशन (सीटीईपीएच) के लिए उपचार के विकल्पों और केस रिपोर्ट पर चर्चा की। व्याख्यान का आयोजन अलीगढ़ एकेडमिक एनरिचमेंट प्रोग्राम (एएईपी) के तहत अलीगढ़ मेडिकल एलुमनी एसोसिएशन आफ नॉर्थ अमेरिका (एएमएएनए) के सहयोग से किया गया था। जेएन मेडीकल कालेज के शिक्षकों और छात्रों ने प्रो. कत्याल के व्याख्यान की सराहना की और सुझाव दिया कि एएईपी के तहत किसी और अवसर पर डा कात्याल का एक और व्याख्यान आयोजित किया जाना चाहिए। प्रोफेसर एमयू रब्बानी, डीन, मेडिसिन संकाय ने व्याख्यान की अध्यक्षता की और जेएन मेडिकल कॉलेज में एएईपी और अमाना की सक्रिय भूमिका और आपसी अनुभवों से लाभ उठाने की इस तरह की पहल की सराहना की।

# स्कूलों को मिलेगी पहले तीन वर्ष की मान्यता

**व्यवस्था**

» फिर होगा नवीनीकरण, कठिन किए गए मानदंड

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट विद्यालयों की मान्यता अब पहले तीन साल के लिए दी जाएगी। बाद में मान्यता शर्तों की अनुपालन व विद्यालय में व्यवस्थाओं को देखते हुए पांच साल के लिए इसका नवीनीकरण किया जाएगा। ये मानक शासन से स्वीकृत नई मान्यता की शर्तों में निर्धारित है। पहले मान्यता के लिए स्थलीय निरीक्षण में व्यवस्था थी कि डीआईओएस भवन के समक्ष खड़े होकर अपना व भवन का फोटो खिंचवाकर रिपोर्ट के साथ संलग्न करेंगे। अब जनपदीय समिति विस्तृत निरीक्षण करेगी। समिति द्वारा निरीक्षण के समय विद्यालय भवन, प्रयोगशाला, खेल के मैदान, बाउंड्रीवाल, पुस्तकालय आदि की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी की जाएगी। इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा नई शर्तों में विद्यालय में छात्र-शिक्षक अनुपात 40ः01 से अधिक नहीं होगा। प्रत्येक विषय का एक शिक्षक होना अनिवार्य होगा। विद्यालय द्वारा लिए जा रहे शिक्षण शुल्क का लेखाजोखा रखा जाएगा। शिक्षण शुल्क में से कम से कम 70 प्रतिशत शैक्षिक व अन्य कर्मियों की परिलब्धियों पर खर्च होगा। इसके अलावा अब शिक्षकों, छात्रों की उपस्थिति बोर्ड की वेबसाइट/पोर्टल पर प्रत्येक कार्यदिवस में दर्ज करनी होगी। विद्यालय की वेबसाइट पर ईमेल, फोन नंबर के अलावा आधारभूत सुविधाओं जैसे भवन, कक्षों की संख्या, कंप्यूटर, खेल, पुस्तकालय, लाइट, पंखे आदि का विवरण दिया जाएगा। योग्यता सहित शिक्षकों का विवरण, कक्षावार छात्र, छात्राओं की संख्या, प्रत्येक वर्ष का परीक्षाफल व शुल्क का विवरण भी प्रदर्शित करना होगा। पानी के लिए सबमर्सिबल, आरओ, पाइप पेयजल, ओवरहेड टैंक, हैंडवाश प्लेटफार्म, अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों की लंबाई के हिसाब से अलग-अलग ऊंचाई के प्लेटफार्म की व्यवस्था करनी होगी। छात्र, छात्राओं के अलग-अलग शौचालय के अलावा दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम करने होंगे। पहले छात्र संख्या के अनुसार सिर्फ शौचालय व पीने के पानी के लिए हैंडपंप या अन्य कोई समुचित व्यवस्था की शर्त थी।अब मान्यता 30 वर्ष की रजिस्टर्ड लीज डीड पर भी दी जा सकेगी। कई अन्य मानक भी परिवर्तित हुए हैं।

## जूलॉजी विभाग में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

**प्रयोगशाला**

» जीव विज्ञान के क्षेत्र में प्रभावशाली प्रगति देखकर बहुत अच्छा लग रहा

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग में अनुसंधान मॉडल के रूप में ड्रोसोफिला पर एसईआरबी त्वरित विज्ञान द्वारा वित्त पोषित नौ दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर प्रदीप सिन्हा ने कहा कि एएमयू में जीव विज्ञान के क्षेत्र में प्रभावशाली प्रगति देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। कार्यशाला के आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने भविष्य में ऐसी और कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। एएमयू के कुलपति प्रो. तारिक मंसूर ने कार्यशाला को बहुत उपयोगी और प्रभावी बताया और संकाय सदस्यों द्वारा इस तरह के प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति, मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए प्रयोगशाला नियमावली का भी विमोचन किया। इससे पहले जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर मुख्तार अहमद खान ने अपने स्वागत भाषण में प्रतिभागियों को कार्यशाला के महत्व का उल्लेख किया, जो एक शोध मॉडल के रूप में ड्रोसोफिला का उपयोग करने की विभिन्न तकनीकों को सीखेंगे। प्रो मुहम्मद अफजाल (डीन, जीवन विज्ञान संकाय) ने सामान्य रूप से संकाय सदस्यों और जीवन विज्ञान संकाय के अनुसंधान विद्वानों और विशेष रूप से प्राणी विज्ञान विभाग की उत्कृष्ट उपलब्धियों के बारे में बताया। डॉ. यासिर हसन सिद्दीकी (इवेंट ऑर्गनाइजर) ने कहा कि नई शोध तकनीकों को सीखने के लिए कार्यशाला के प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखकर खुशी हुई तथा उन्होंने धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## चिड़िया घर में अजगर को ओढ़ाया गया कंबल

**संवाददाता**

**लखनऊ ।** उत्तर भारत में ठंड के सितम को देखते हुए लोगों के लिए अलाव और रैन बसेरे का इंतजाम किया जा रहा है। लोग भी बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। इसी तरह लखनऊ के चिड़िया घर में भी डॉक्टरों की सलाह पर जानवरों को भोजन दिया जा रहा है। वहीं, कंबल और हीटर का भी इंतजाम किया गया है। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि चिड़िया घर में जानवरों को ठंड से बचाने के लिए कंबल और हीटर का प्रबंध किया गया है। डॉक्टरों की सलाह पर उनके लिए भोजन में भी बदलाव किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मुताबिक, लखनऊ के लिए रेड अलर्ट है। यहां कोल्ड डे व शीतलहर से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## राहुल से मिलने के लिए किसान फूलों की भरी ट्राली लेकर पहुंचे

# पश्चिमी यूपी में मिला भारी समर्थन, लोग बोले, मेहनत कर रहे राहुल, बदलेंगे सियासी समीकरण

**भारत जोड़ो यात्रा**

» रैली के साथ पैदल बागपत, बड़ौत की ओर कूच करेंगे

» भारत जोड़ो यात्रा को जहां रालोद ने समर्थन दिया

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बागपत में भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। इस दौरान राहुल से मिलने के लिए किसान फूलों की भरी ट्राली लेकर पहुंचे। यात्रा के दौरान कुछ ढोल बजाते तो कोई घंटा बजाते नजर आए। इसके बाद बुधवार को पैदल ही सीधे मवीकलां गांव में पहुंचे। वहां से फिर रैली के साथ पैदल बागपत, बड़ौत की ओर कूच करेंगे। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जहां रालोद ने समर्थन दिया है, वहीं भाकियू पहले ही यात्रा में साथ रहने का ऐलान कर चुकी है। भाकियू नेताओं ने यात्रा में साथ रहने का कारण बताया कि कांग्रेस ने किसानों के लिए काफी काम किए है, इसलिए वे उनके साथ यात्रा में जुड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त यात्रा का जगह-जगह भाकियू नेता द्वारा स्वागत भी किया गया। वहीं, किसानों के दूसरे संगठन भाकियू भानू गुट ने भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस यात्रा का मकसद नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो की अपील करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़ाकर तोड़ने का काम किया है। उसके विपरीत कार्य करने के लिए यह यात्रा निकल रही है। जिससे देश में रहने वाला हर व्यक्ति जोड़ा जा सके। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि यात्रा के दौरान सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं ने राहुल गांधी से मुलाकात की, युवाओं ने अग्निवीर योजना के खिलाफ अपनी बात रखी। प्रसिद्ध राष्ट्रीय हास्य कलाकार राजीव निगम ने भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत कर राहुल गांधी के साथ कदमताल की। सिविल सोसायटी के लोगों में विश्विद्यालय के प्रोफेसर, डॉक्टर्स भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा पूरे देश से गुजरती हुई कल 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश पहुंची जहां पर लाखों लाख के जनसमूह ने दिल खोलकर राहुल गांधी का स्वागत किया और भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन दिया। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं-नेताओं ने अपने झंडे लहराकर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया।



## संक्षिप्त समाचार

### गरीब मजदूर की मौत पर कार्यवाही व मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** ह्यूमन वेलफेयर सोयायटी लखनऊ एवं अफहाम-ए-जमा सोसाइटी रजि. लखनऊ की एक संयुक्त बैठक मोहिनी पुरवा हुसैनाबाद लखनऊ में एम0 अली मदहोश एडवोकेट व सै0 अली मीसम नकबी एडवोकेट की मौजूदगी में हुई जिसमें गरीब मजदूर स्व0 मोहम्मद गफूर आयु लगभग 47 वर्ष मूल निवासी ग्राम सेवता बिसवां जिला सीतापुर की कल साय लगभग चार बजे गन फैक्टरी सज्जाद गंज थाना ढाकुरगंज के सामने बन रहे सरकारी प्लांट में ठेकेदार की लापरवाही से मौत होने पर गम व गुस्से का इजहार किया गया व थाना ढाकुरगंज पुलिस द्वारा ठेकेंदार की गिरफ्तारी नही किये जाने पर पुलिस प्रशासन की निन्दा की गयी है। मृतक की दो जवान लडकिया व एक बेटा है। स्व0 गफूर का श्रम कार्ड बना हुआ है। दोनो संस्थाओं के सदस्यों नें पुलिस प्रशासन से तत्काल रिपार्ट दर्ज कर ठेकेदार को गिफ्तार करने व गरीब निर्धन मजदूर के परिजनों को तत्काल पचास लाख का मुआवजा दिये जाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गयी है। दोनो संस्थाओं ने शहर में मजदूरों की लापरवाही से हो रही मौतों और जिला प्रशासन की लापरवाही पर चिंता व्यक्त की है। बैठक में विशेष रूप से मिथिलेश सिंह अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट, राजेश सक्सेना, आशीष पाण्डेय उपस्थित हुए।

### राष्ट्रीय लोकदल के नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया का पहुंचे प्रदेश कार्यालय,चौधरी चरण की फोटोयुक्त नव वर्ष का कैलेंडर लांच

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया का प्रदेश मुख्यालय आगमन पर रालोद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरान्त प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये विधायक मदन भैया ने कहा कि खतौली की जनता ने राष्ट्रीय लोकदल को अपना अपार स्नेह और आशीर्वाद दिया है। खतौली की जनता ने उपचुनाव में जनविरोधी और किसान विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आगे आने वाले लोकसभा चुनाव में देश एवं प्रदेश की जनता गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी। भारतीय जनता पार्टी को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा द्वारा लगातार किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसलिए गन्ना मूल्य घोषित करने से सरकार कतरा रही है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में किसान संदेश अभियान की शुरुआत की गयी है। जिसमें गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित कराने व बकाया भुगतान की मांग को लेकर किसानों के 1 लाख से अधिक पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे जा रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय तथा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह, विधायक चन्दन चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, युवा रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अम्बुज पटेल की उपस्थिति में चौधरी चरण की फोटोयुक्त नव वर्ष का कैलेंडर लांच किया। वहीं इस कलेण्डर के माध्यम से चौधरी चरण सिंह के विचार घर घर तक पहुंचेगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता रजनीकांत मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, वरिष्ठ नेता अफसर अली, मनोज सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव चंद्रकांत अवस्थी, इकराम सिंह, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, सुमित सिंह, संजय चौधरी, महेशपाल धनगर, सौरभ मिश्रा, वीरेंद्र तोमर, रमेश कश्यप, रालोद नेताओं ने विधायक का स्वागत किया।

### दिव्यांगजन मंत्री नरेन्द्र कश्यप गोवा में आयोजित होने वाले पर्पल फेस्ट कार्यक्रम में करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप पर्पल फेस्ट कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु 5 जनवरी को गोवा पहुचेंगे। पर्पल फेस्ट कार्यक्रम 6 से 8 जनवरी तक गोवा में आयोजित होगा। इस आयोजन का मकसद भारत में दिव्यांगता के प्रति भेदभाव, रूढ़िवादिता जैसी बाधाओं को दूर करना है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में ऑल इंडिया ओपन पैरा टेबल टेनिस चौंपियनशिप, यूनिफाइड बीच क्रिकेट, ब्लाइंड क्रिकेट और पर्पल आई-रन मैराथन जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### 28वां युवा महोत्सव 8 जनवरी से तुलसी सभागार ऐशबाग मे होगा आयोजन

**लखनऊ।** इन्स्टीट्यूट ऑफप्रोफेशनल स्टडीज और श्री राम लीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 जनवरी से 10 जनवरी तक त्रि दिवसीय 28वें युवा महोत्सव का आयोजन तुलसी सभागार-श्री राम लीला समिति ऐशबाग लखनऊ में किया जाएगा। इस बात की जानकारी युवा महोत्सव के संयोजक मयंक रंजन ने दी।

उन्होने बताया कि 28वें युवा महोत्सव का शुभारम्भ आगामी 8 जनवरी को होगा, उद्घाटन सत्र के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम संग कोरोना योद्धा सम्मान होगा। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बेबी शो, जूनियर-सीनियर वर्ग की फिल्मी एकल प्रतियोगिता, फिल्मी युगल प्रतियोगिता, फिल्मी समूह नृत्य प्रतियोगिता होगी। मयंक रंजन ने बताया कि 9 जनवरी को मेहंदी प्रतियोगिता, समूह गायन प्रतियोगिता, फिल्मी एकल गायन प्रतियोगिता, फिल्मी युगल गायन प्रतियोगिता, फैशन शो प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता (1) पोस्टर (2) ग्रीटिंग काडर्स खस्कूल परिसर,, ऑन दा स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग और कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता होगी। उन्होने बताया कि युवा महोत्सव के आखिरी दिन 10 जनवरी को डिबेट, जस्ट ए मिनट, क्वीज प्रतियोगिता, कथक नृत्य प्रतियोगिता, भरतनाट्यम नृत्य प्रतियोगिता, कवि सम्मान समारोह, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन और पत्र लेखन प्रतियोगिता होगी।

### एएमयू में गणतंत्र दिवस पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में कुलपति प्रो. तारिक मंसूर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि एएमयू में गणतंत्र दिवस समारोह पारंपरिक उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा और 26 जनवरी को मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह से पहले सप्ताह भर के विश्वविद्यालय और इससे सम्बन्ध संस्थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलपति प्रो. तारिक मंसूर 26 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे स्ट्रेची हॉल में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और एनसीसी छात्र सलामी देंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के तहत यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक कांफ्रेंस हॉल में गणतंत्रत दिवस की पूर्व संध्या पर पारंपरिक मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।

### सैर पर निकले एनडीआरएफके निरीक्षक को वाहन चालक ने कुचला, हालत गंभीर

**नोएडा।** नोएडा में आज सुबह सैर पर निकले एनडीआरएफके एक निरीक्षक को एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कुचल दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि केंद्रीय आपदा प्रबंधन बल में निरीक्षक के पद पर तैनात अनिल कुमार झा को सैर करने के दौरान एक कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया ।

### आइजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में सोनभद्र अव्वल, देवरिया दूसरे स्थान पर

**लखनऊ।** जन शिकायतों के निस्तारण के लिये एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग मे पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र को पहला स्थान मिला है जबकि देवरिया पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि प्रदेश में प्रथम स्थान सोनभद्र जिला को मिला है। शासन द्वारा आज जारी रैंकिंग में सोनभद्र को 140 में से 139 प्राप्तांक मिले हैं, जबकि 136 अंक के साथ देवरिया दूसरे स्थान पर रहा। तीसरा स्थान शामली को मिला है। सोनभद्र के जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आईजीआरएस के शिकायतों के निस्तारण में सोनभद्र को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण इसी प्रकार समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये।

# सम्पादकीय

## नये हालात में रणनीति बदलने की जरूरत

पाक सीमा से लगे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हाल की लक्षित हत्याएं इस केंद्र शासित प्रदेश में गंभीर होती स्थिति को दर्शाती हैं। रविवार को डांगरी गांव में फायरिंग में चार लोगों की हत्या व कई लोगों के घायल होने से देश सहमा हुआ था कि अगले दिन इसी गांव में बम धमाके से हुई एक बच्चे की मौत ने आतंकवादियों के दुस्साहस की बानगी दिखा दी। आतंकवादियों ने गांव में आधार कार्ड देखकर लोगों को निशाने पर लिया और जमकर फायरिंग की। फिर अगले दिन आईईडी ब्लास्ट किया। ग्रामीणों का आतंकित होना स्वाभाविक है जब उन्हें घर में घुसकर मारा जा रहा हो। निस्संदेह, मामले में खुफिया सूचना व सुरक्षा चौकसी में कहीं न कहीं कमी जरूर रही है, जो आतंकी अगले दिन बम ब्लास्ट करने में कामयाब रहे। इससे कुछ सप्ताह पूर्व राजौरी में सेना के कैंप के बाहर दो लोगों की हत्या हुई थी। तभी सुरक्षा बलों की तरफ से चौकसी बढ़ा देनी चाहिए थी। यह भी गंभीर चिंता का विषय है कि ये घटनाएं उस राजौरी क्षेत्र में हुई हैं, जिसमें आतंकवादी घटनाएं कम ही देखने में आती थीं। हाल के महीनों में सार्वजनिक स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के ट्रेंड के बजाय जिस तरह से संप्रदाय विशेष के लोगों को गोलियों का शिकार बनाया जा रहा है, वह एक गंभीर मसला है। यह जहां कानून-व्यवस्था की विफलता का मामला है वहीं केंद्र की उन नीतियों की सार्थकता पर सवाल उठाता है, जिसमें बड़े व्यवस्थागत बदलावों के बाद शांति स्थापना का दावा किया गया था। खासकर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 की समाप्ति के बाद। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि ऐसे माहौल में राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापना के लक्ष्य हासिल हो पाएंगे? जाहिर बात है कि कभी कश्मीरी पंडितों तो कभी बाहरी कामगारों को निशाना बनाकर आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिक विभाजन की साजिश रच रहे हैं। जिसमें उन्हें सीमापार से हथियार व अन्य संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।दरअसल, जम्मू-कश्मीर में अलगाव के प्रतीक बताये जा रहे विशेष दर्जे के समाप्त होने के बाद उम्मीद लगायी जा रही थी केंद्रीय शासन में अलगाववादी ताकतों का शमन होगा। आतंक से मुक्ति के बाद आने वाली विकास की बयार से केंद्र शासित प्रदेश राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सकेगा। निस्संदेह, केंद्र व केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक के प्रयासों पर आतंकवादी घटनाएं पानी फेरती हैं। खासकर यूटी में चुनावी प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के प्रयासों को भी इन घटनाओं से झटका लगेगा। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में विदेश मंत्री ने तमाम वैश्विक मंचों पर पाक के आतंकवादियों को संरक्षण देने के कुत्सित प्रयासों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही यह भी कि आतंकवाद को प्रश्रय देना पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की रणनीति का हिस्सा है।

## हादसों का शहर

एक कार ने स्कूटी से जा रही लड़की को टक्कर मारी, लड़की कार के नीचे फंस गई और चालक को इसकी भनक तक न लगी। नतीजा, कार उस लड़की को कई किलोमीटर तक घसीटती रही और फिर आखिरकार लड़की का निर्वस्त्र मृत शरीर सड़क पर पड़ा पाया गया। दिल्ली पुलिस इसे एक दुर्घटना बता रही है। उसका कहना है कि कार में चूंकि इतना तेज संगीत चल रहा था और उसमें बैठे लोग नशे में थे, इसलिए उन्हें पता ही नहीं चल पाया कि उनकी कार के नीचे कोई फंसा हुआ घिसट रहा है। शुरू में आशंका जताई जा रही थी कि आरोपियों ने लड़की के साथ दुर्व्यवहार किया होगा और फिर उसे जान से मारने का यह तरीका निकाला होगा। मगर पुलिस ने ऐसी किसी मंशा से इनकार किया है। हालांकि पुलिस अभी इस घटना की गहराई से जांच कर रही है। इसलिए घटना से उठे कुछ सवालों के जवाब स्पष्ट नहीं हैं। इस घटना का एक प्रत्यक्षदर्शी भी है, जिसने पुलिस को फोन पर सूचना दी। जब उसने देखा कि एक कार लड़की को घसीटती ले जा रही है, तो वह उसका पीछा करता रहा। उसने कई बार पुलिस को फोन किया, मगर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। सवाल है कि सूचना मिलने के करीब पौन घंटे तक पुलिस वहां क्यों नहीं पहुंची। नए साल पर शराब पीकर हुड़दंग करने, बेढंगे तरीके से गाड़ी चलाने वालों पर नजर रखने के लिए दिल्ली में अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई थी। सड़कों पर जगह-जगह नाके लगाए गए थे। गश्ती वाहन चौकन्ने थे। फिर कैसे इस तरह तथाकथित नशे में धुत कार सवार लड़की को घसीटते हुए कई किलोमीटर तक ले जा पाए और सूचना मिलने के बावजूद पुलिस को उनका पीछा करना जरूरी नहीं लगा। यह भी कि कैसे कि टक्कर मारने के बाद भी चालक को पता नहीं चला। विचित्र है कि एक लड़की उनकी गाड़ी के नीचे फंस कर घिसटती रही और गाड़ी में सवार किसी को भी कुछ असामान्य कैसे नहीं महसूस हुआ। फिर, अगर लड़की सचमुच कार के नीचे फंस गई थी और घिसटने से उसके सारे कपड़े फट गए, तो एक कपड़ा कैसे इतना मजबूत साबित हुआ कि दूर तक लड़की को बांधे रहा। इस घटना की ठीक से जांच हो, तो शायद इन सवालों के जवाब मिल सकें। पिछले कुछ सालों से दिल्ली में एक के बाद एक जघन्य अपराध सामने आए हैं। कुछ ही दिनों पहले दिल्ली के छावला इलाके में जिस तरह एक लड़की से बलात्कार और फिर बड़े अमानवीय ढंग से उसकी हत्या कर दी गई थी, उसे लोग भूले नहीं हैं। रास्ता चलती किसी लड़की को उठा लेना और उससे बदसलूकी करना जैसे आपराधियों के लिए सामान्य बात हो गई है। इन सबके पीछे कहीं न कहीं पुलिस और कानून का भय समाप्त हो जाना है।पुलिस के पास शायद ही इस बात का कोई माकूल जवाब है।

# युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। रूस और यूक्रेन युद्ध कि कइ दिनों से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं हैस रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है, रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है,अनेकों माह से ज्यादा के युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया हैस यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़ 40 लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 बाजार सैनिक युद्ध में मारे गए है। यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को

> युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं हैस रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है, रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है,अनेकों माह से ज्यादा के युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया हैस यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़ 40 लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 बाजार सैनिक युद्ध में मारे गए है। यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है

शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है, मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफकिसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके



काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है। यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। रूस के इस यूक्रेन पर आक्रमण से भारत की चिंता अपने 20 हजार नौजवान छात्रों को जो युक्रेन में अध्ययन कर रहे थे। अब वहां फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की भी है। यूक्रेन तथा रूस के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मध्य रात्रि के बीच लगभग 40 मिनट बात कर शांति स्थापना के अपील भी की है एवं नागरिकों को वहां से निकालने की चिंता से भी अवगत कराया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम होने की चेतावनी भी दे डाली है। यूक्रेन को इस आफत में फंसाने एवं उसे रूस के विरुद्ध उकसाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।

# दिल्ली के लिए नए साल की शुरुआत एक शर्मनाक

देश की राजधानी दिल्ली के लिए नए साल की शुरुआत एक शर्मनाक, खौफनाक घटना के साथ शुरु हुई। 31 दिसम्बर और एक जनवरी की दरम्यानी रात 20 बरस की अंजलि सिंह नाम की लड़की अपनी सहेली के साथ स्कूटी से लौट रही थी। सुल्तानपुरी के कृष्णविहार इलाके में स्कूटी को एक कार ने टक्कर मारी, इसके बाद अंजलि कार के नीचे आ गई और लगभग 12 किमी तक कार के साथ घिसटती गई। इस हादसे में उसकी जान चली गई। अंजलि का शव दिल्ली के जौंती गांव इलाके में निर्वस्त्र मिला। जिसके बाद आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं कि फिर से निर्भया कांड जैसी कोई भयावह घटना न हुई हो। लड़की की मां ने भी यह डर व्यक्त किया कि उनकी बेटी के साथ हादसे से पहले कोई यौन शोषण तो नहीं हुआ, क्योंकि उसके शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। हालांकि पुलिस पहले से ही इस बात से इंकार कर रही थी कि बलात्कार नहीं हुआ है और गाड़ी में शरीर के फंसने, सड़क पर घिसटने के कारण कपड़े फट गए होंगे। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बलात्कार जैसी किसी बात से इंकार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अंजलि के शरीर पर जितने भी जख्म हैं, वो तेज झटका लगने और गाड़ी से घिसटने के कारण हैं। चोट लगने और अत्यधिक खून बहने की वजह से अंजलि ने दम तोड़ दिया। अंजलि के मामा ने भी कहा कि परिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भरोसा है। गनीमत है कि अंजलि यौन हिंसा का शिकार नहीं हुई। हालांकि जिन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, वह इतनी त्रासद हैं कि उसके बारे में सोचकर भी रोंगटे खड़े

> सुल्तानपुरी के कृष्णविहार इलाके में स्कूटी को एक कार ने टक्कर मारी, इसके बाद अंजलि कार के नीचे आ गई और लगभग 12 किमी तक कार के साथ घिसटती गई। इस हादसे में उसकी जान चली गई। अंजलि का शव दिल्ली के जौंती गांव इलाके में निर्वस्त्र मिला। जिसके बाद आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं कि फिर से निर्भया कांड जैसी कोई भयावह घटना न हुई हो। लड़की की मां ने भी यह डर व्यक्त किया कि उनकी बेटी के साथ हादसे से पहले कोई यौन शोषण तो नहीं हुआ, क्योंकि उसके शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। हालांकि पुलिस पहले से ही इस बात से इंकार कर रही थी कि बलात्कार नहीं हुआ है

हो जाते हैं। इस कड़कड़ाती ठंड में कुर्सी या मेज की जरा सी ठोकर भी बर्दाश्त नहीं होती, लेकिन अंजलि तो 12 किमी तक सड़क पर कार के साथ घिसटती रही। उसके हिस्से ऐसी दर्दनाक मौत आई, क्योंकि समाज का एक तबका पूरी तरह संवेदनाओं से शून्य है, इसमें पुलिस प्रशासन भी आता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तो बाद में आई, लेकिन पुलिस ने



पहले ही बता दिया था कि गाड़ी के साथ घिसटने के कारण कपड़े फट गए और बलात्कार नहीं हुआ है। क्या दिल्ली पुलिस में यह विशेषज्ञता भी है कि वह 12 किमी तक घिसटे हुए शरीर को देखकर बता दे कि मरने से पहले उसके साथ क्या हुआ था, क्या नहीं। पुलिस के दावे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साम्यता है और पीड़ित परिवार ने भी इसे स्वीकार कर लिया है, तो फिर बलात्कार वाले कोण से जांच अब नहीं होगी। वैसे यह जानकारी भी सामने आई है कि 20 बरस की मृतका अपने परिवार में इकलौती कमाऊ सदस्य थी, उसके पिता की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी। अंजलि की मां का कहना है कि हमारे पास 10 रुपए भी अंतिम संस्कार के नहीं हैं। अंजलि शादी या अन्य समारोहों में मेहमानों के स्वागत का काम किया करती थी और रोजाना लगभग 5 सौ रुपए कमाती थी, जिससे घर चलता था। हादसे की रात भी वह बाहर थी और रात साढ़े आठ बजे उसने अपनी मां को फोन पर कहा था कि उसे देर हो जाएगी। इसके बाद सीधे सुबह उन्हें अपनी बेटी की मौत की खबर मिली। अंजलि के घर के हालात देखकर समझा जा सकता है कि अपनी आशंकाएं व्यक्त करने की शक्ति शायद उनमें न हो और उन्होंने वही बात स्वीकार कर ली हो, जो रिपोर्ट में सामने आई है। जो पांच आरोपी इस मामले में गिरफ्तार किए गए हैं, उन पर अब केवल सड़क दुर्घटना वाले कोण से जांच बिठाई जाएगी और संभवतरू सजा भी इसी मुताबिक हो। हालांकि उनका दोष कब और कैसे सिद्ध हो पाएगा, अभी यही नहीं कहा जा सकता, सजा तो उसके बाद की बात है। फिलहाल इस मामले ने राजनैतिक मोड़ भी ले लिया है, क्योंकि आरोपियों में से एक मनोज मित्तल का संबंध भाजपा से बताया जा रहा है। सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी में भाजपा के स्वागत वाले पोस्टर्स में मनोज का चेहरा भी है। दिल्ली पर सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी ने इस मामले में भाजपा पर उंगली उठानी शुरु कर दी। जिसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। राजनैतिक तौर पर मामला भाजपा के खिलाफ जाता और बात आगे बढ़ती, इससे पहले ही गृहमंत्रालय ने जांच का आदेश दे दिया है। जिससे कम से कम विरोधियों को उंगली उठाने का मौका नहीं मिलेगा। लेकिन ये सवाल तो उठेगा ही कि आखिर ऐसी किसी भी जांच की नौबत क्यों आई। 31 दिसंबर का वक्त अतिरिक्त सावधानी बरतने का होता है, क्या यह बात दिल्ली पुलिस नहीं जानती है। कोई तेज रफ्तार गाड़ी किसी को ठोकर मार कर भाग जाए या कोई नशे में धुत्त सवार गाड़ी पलटा दे, यह ऐसा मामला नहीं है। इस घटना में एक इंसानी शरीर को सौ-पांच सौ मीटर नहीं, पूरे 12 किमी तक कार के साथ घसीटा गया। खबरें हैं कि एक सामान पहुंचाने वाले लड़के ने और एक दूध वाले ने कार के साथ लड़की को घिसटते देखा और इसकी इत्तिला पुलिस को की, लेकिन पुलिस फिर भी सुस्त बनी रही। पुलिस को पता होना चाहिए कि नए साल के जश्न में किस तरह असामाजिक तत्व नशा करके वाहन चलाने या हुड़दंग मचाने सड़कों पर निकलते हैं।

## आलेख — ऑनलाइन गेमिंग पर नकेल

**चाइनीज** ऐप और मोबाइल गेम के बाद अब केन्द्र सरकार ने जुआ या स्किल वाले ऑनलाइन गेमिंग पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली। ऑनलाइन गेमिंग को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों से सवाल उठते रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग ने युवा और बच्चों के जीवन को काफी हद तक प्रभावित किया है। कोरोना महामारी के दौरान लम्बे चले लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन गेमिंग ऐप तेजी से लोकप्रिय हुए। तब घरों में बंद लोगों ने ऑनलाइन गेमिंग के सहारे अपना समय बिताया, लेकिन इनके साथ ही समाज में विकृतियां भी उभरने लगीं। लोग इसकी लत का शिकार होते रहे। फिर कुछ ऐसी ऐप भी आ गई जो खुलेआम जुआ और सट्टा खेलने को प्रोत्साहित करती थी।घ् स्किल के नाम पर सामाजिक कुरीतियों को बढ़ावा दिया गया। फिर मोबाइल लोन ऐप सामने आए और उन्होंने झटपट तुरन्त लोन देने के नाम पर युवाओं के साथ-साथ कारोबारियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया। ऐसी खबरें लगातार आती रही हैं कि किशोर और युवा अभिभावकों से छुपकर गेम्स खेलते हैं या लोन लेते हैं, फिर उन्हें लूटा जाता है। कई युवा अपने अभिभावकों को लाखों का चूना लगा चुके हैं। मोबाइल प्ले स्टोर पर अनगिनत ऐप आ गए जो आपको सस्ते में लोन देने का दावा करते हैं। लोग फंसते गए और उन्हें पता ही नहीं था कि इस फ्रॉड से बाहर कैसे निकलें।

वित्त विशेषज्ञों ने भी इन ऐप्स को बच्चों, युवाओं को भ्रमित कर ठगी करने वाला करार दिया था। ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स पर अंकुश लगाने के लिए एक नियामक तंत्र स्थापित करने की जमकर वकालत की गई थी। इसके बाद से ही इलैक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने काम करना शुरू कर दिया था। मंत्रालय ने अब ऑनलाइन गेमिंग

> ऑनलाइन गेमिंग ने युवा और बच्चों के जीवन को काफी हद तक प्रभावित किया है। कोरोना महामारी के दौरान लम्बे चले लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन गेमिंग ऐप तेजी से लोकप्रिय हुए। तब घरों में बंद लोगों ने ऑनलाइन गेमिंग के सहारे अपना समय बिताया, लेकिन इनके साथ ही समाज में विकृतियां भी उभरने लगीं। लोग इसकी लत का शिकार होते रहे। फिर कुछ ऐसी ऐप भी आ गई जो खुलेआम जुआ और सट्टा खेलने को प्रोत्साहित करती थी।

कम्पनियों के लिए नियमों का मसौदा जारी कर दिया है। इस मसौदे में ऑनलाइन गेमिंग कम्पनियों के लिए भारत में लागू कानूनों का अनुपालन जरूरी कर दिया गया है। अब सट्टेबाजी से संबंधित कानून इन कम्पनियों पर लागू होंगे। इन कम्पनियों को स्व-नियामकीय निकाय के साथ पंजीकृत करने, इनके भारतीय पतों और गेम खेलने वालों के सत्यापन को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों को जिम्मेदार ढंग से संचालित करना है। ऑनलाइन कम्पनियों कोघ्खेल में शामिल लोगों की जमा राशि की निकासी या घ्रिफंड, जीती हुई रकम के विवरण, फीस और अन्य शुल्कों के बारे में बताना होगा। स्व-नियामकीय निकाय कम्पनियों और खेलने वाले लोगों के बीच शिकायतों का निपटारा भी करेगा। स्किल और जुआ संबंधी सभी तरह के गेम जिनमें पैसा शामिल होता है, सरकार के रेगुलेशन के दायरे में होंगे। जिन गेम्स से धन कमाया जाता है उन पर सरकार की नजर रहेगी।

इसी साल अगस्त में नियमन का मसौदा तैयार करने वाले एक भारतीय पैनल ने यह तय करने के लिए एक नए नि काय का प्रस्ताव रखा था कि क्या गेम में स्किल या अवसर शामिल हैं, और फिर स्किल गेम्स को नियोजित संघीय नियमों द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए। शिकायत निवारण तंत्र द्वारा एक समिति बनाने के लिए कहा गया था, जो यह तय करे कि स्किल गेमों के लिए रजिस्ट्रेशन हो और जुआ आधारित गेम राज्य सरकार की निगरानी में नियंत्रित किए जाने का उल्लेख किया गया था। लेकिन रिपोर्ट के अनुसार 26 अक्तूबर की एक सरकारी बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस तरह के भेदभाव पर आपत्ति जताई और सभी प्रकार के खेलों पर विस्तारित निरीक्षण की मांग की।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंहः-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनुः-**नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**मकरः-** सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**कुंभः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीनः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दोस्तों मेहनत से मोहब्बत करो, क्योंकि यह तुम्हारी कामयाबी की वजह बनेगा।

# अमेरिका और कनाडा के निवेशकों ने दिखाई रुचि, योगी सरकार के साथ किए 19,265 करोड़ रुपए के एमओयू साइन

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले राज्य सरकार को अमेरिका और कनाडा के निवेशकों से कई आशय पत्र मिले हैं। आठ निवेशकों ने प्रदेश सरकार के साथ 19,265 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए हैं। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में इन देशों में गए दलों ने तीन दिन में 51 'गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट और 'बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें कीं। इससे प्रदेश को 41 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के 27 आशय पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से आठ प्रस्ताव एमओयू में तब्दील हुए। चार एमओयू रणनीतिक साझेदारी के हैं और 19 प्रस्तावों पर निवेशक सम्मेलन 'जीआईएस-23 से पहले हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। सतीश महाना ने अपने दौरे में ब्रिटिश कोलंबिया की विधानसभा के भारतीय मूल के अध्यक्ष राज चौहान से मुलाकात की और उनके साथ 'सरकार-से-सरकार स्तर की बातचीत की। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कनाडा के वन मंत्री, रोजगार और आर्थिक सुधार मंत्री और व्यापार राज्य मंत्री से मुलाकात की। विज्ञप्ति में कहा गया कि अब तक जितने एमओयू हुए उनमें अधिकतम निवेश रसद, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में होने जा रहा है। मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रुप राज्य में 8200 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। वहीं रक्षा और एयरोस्पेस में क्युएसटीसी आईएनसी कंपनी भी 8200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य देखरेख क्षेत्र की कंपनियों के बीच कुल 2055 करोड़ रुपये के एमओयू हुए। इसके तहत माय हेल्थ सेंटर 2050 करोड़ रुपये और जेडएमक्यू कंपनी पांच करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे रोजगार के 500 से ज्यादा अवसर सृजित होंगे। वहीं चिकित्सा उपकरण क्षेत्र की डेजेरो लैब्स आईएनसी कंपनी 10 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। विज्ञप्ति में बताया गया कि अकुवा टेक्नोलॉजी राज्य में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, ओपुलेंस मैनेजमेंट कॉर्प आतिथ्य क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये का और विर्तुबॉक्स इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इन सभी समझौतों से राज्य में रोजगार के सैकड़ों अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है।

**बैठक**

» तीन दिन में 51 'गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट और 'बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें की




## बसपा सांसद के घरों-दफ्तर और फैक्टरी में कार्रवाई जारी, खुल सकते हैं बड़े राज

**सहारनपुर।** सहारनपुर में बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहान के यहां आयकर विभाग द्वारा छापामारी की कार्रवाई लगातार जारी है। दूसरे दिन भी दिल्ली और देहरादून से आई आयकर विभाग की टीम उनके तीन आवास, दफ्तर और फैक्टरी पर डेरा डाले हुए है। इस दौरान सांसद समेत सभी परिजनों और कर्मचारियों को घरों, दफ्तर और फैक्टरी से बाहर नहीं निकलने दिया गया। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बसपा सांसद के तीन घरों, दफ्तर और हरौड़ा में स्थित मीट फैक्टरी पर छापे की कार्रवाई शुरू की थी। आईटीबीपी के जवानों ने बसपा सांसद के लिंक रोड स्थित दोनों घरों, दफ्तर और ढोलीखाल स्थित पुराने आवास की घेराबंदी कर रखी है। हरोड़ा स्थित एएलएम मीट प्लांट पर जांच पड़ताल जारी रही। आयकर विभाग की टीम लगातार जांच पड़ताल में जुटी है। प्लांट में कार्य करने वाले कर्मचारियों को मंगलवार देर रात प्लांट से बाहर जाने दिया गया। देर रात बाहर खड़ी आयकर विभाग की गाड़ियों को प्लांट के अंदर ले जाया गया है। देर रात्रि तक चली जांच के बाद बुधवार सुबह फिर से टीम जांच पड़ताल में जुटी रही। इस दौरान किसी को भी प्लांट से बाहर या अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। टीम की सुरक्षा में लगे आईटीबीपी के जवान पूरी रात ड्यूटी में खड़े रहे।



## लखनऊ के चारों सरकारी केंद्रों पर कोविड रोधी टीके का भंडार खत्म

संवाददाता

**लखनऊ।** कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा मुस्तैदी दिखाए जाने के बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारों सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड-19 रोधी टीकों का भंडार खत्म हो गया है, जिससे लोगों को एहतियाती खुराक हासिल करने में परेशानी हो रही है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एम के सिंह ने बताया कि सरकारी केंद्रों पर सोमवार से ही कोविड-19 रोधी टीके उपलब्ध नहीं हैं और सरकार से टीके मुहैया कराने की गुजारिश की गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, ÷सरकार टीके का इंतजाम कर रही है। प्रदेश में जल्द ही कोविड रोधी टीके की 10 लाख खुराक पहुंचेंगी। हम कोविड-19 की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।÷ पाठक प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्रालय की कमान भी संभाल रहे हैं। राज्य में एहतियाती खुराक लगवाने के लिए सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर पहुंच रहे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में अपनी पत्नी के साथ एहतियाती खुराक लगवाने पहुंचे चंदन सिंह रावत ने बताया कि डॉक्टरों ने उनसे कहा है कि टीके का भंडार खत्म हो गया है। रावत ने कहा कि उन्होंने जब डॉक्टरों से पूछा कि क्या वह किसी अन्य अस्पताल में एहतियाती खुराक लगवा सकते हैं तो उन्हें बताया गया कि पूरे शहर में कहीं भी टीका उपलब्ध नहीं है। गौरतलब है कि लखनऊ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल, लोक बंधु अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल और एन के रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में चार सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं, जहां मुफ्त में टीका लगाया जा रहा है।



## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक की हालत गंभीर

### घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच लाया गया

**उरई/जालौन।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत देर रात करीब 10 बजे दो ट्रैक्टर तेजी से आ रहे थे। इसी बीच एक मोटरसाइकिल चालक इन दोनों ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई और एक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे झांसी रेफर कर दिया है। हादसा रात करीब 10 बजे हुआ। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक के पास नदीगांव रोड के सीकरी की पुलिया के पास दो ट्रैक्टर, जिनमें एक हरी मटर को लेकर तो दूसरा खाली था। एक दूसरे को तेजी से क्रॉस करते लगे। इसी बीच एक मोटरसाइकिल चालक भी इनके बीच में आ गया। जिसके बचाव में एक ट्रैक्टर में एक ने इस मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण एक ट्रैक्टर सिकरी के बड़े नाले में जा गिरा। वहीं टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल हो गया। दोनों को स्थानीय प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। एक का प्राथमिक उपचार करके हालत गंभीर देख उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया। घटना को लेकर पुलिस ने मृतक व घायल के यहां सूचना भेज दी है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्रवाई में जुटी है। मृतक युवक की पहचान शिवम पुत्र गुड्डू (22) निवासी ग्राम करई थाना समथर के रूप में हुई। वहीं, दूसरा युवक शैलेंद्र पुत्र कल्लू (22) निवासी मोहल्ला नया गांधीनगर कोंच है, जो गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने के बाद ड्राइवर मौके का फायदा उठाकर भाग गया। सीओ कोंच शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि शव को पीएम के



### नदी में बनाए जा रहे श्मशान घाट का निर्माण रुकवाया

**गागलहेड़ी।** ग्राम उग्राहु में सरकारी भूमि पर श्मशान घाट बनाए जाने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम के निर्देश पर एसडीएम सदर किंशुक श्रीवास्तव ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। पूर्व ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अरुण प्रताप राणा ने मंडलायुक्त को शिकायत करते हुए बताया था कि ग्राम उग्राहु में 132 की जमीन पर कुछ लोग कब्जा करके टीन शेड डाल कर निर्माण कर रहे हैं। इसकी शिकायत ग्राम लेखपाल को भी की गई, लेकिन लेखपाल ने निर्माण कार्य रुकवाने से मना कर दिया। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त ने बिना अनुमति के सरकारी भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को बंद कराने के लिए एसडीएम सदर को निर्देशित किया। इसके बाद उन्हों ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण प्रताप राणा ने बताया कि ग्राम सभा को पहले ही भूमि ग्रामीणों द्वारा खरीद कर दान दी गई है।

## हाजी इकबाल के पूर्व पार्टनर पर हमला करने वाला दबोचा, पुलिस ने शाहनवाज को भेजा जेल

**सहारनपुर।** सहारनपुर जनपद में कोतवाली मिर्जापुर पुलिस ने पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल उर्फ बाल्ला के पूर्व साझेदार कारोबारी अमित जैन पर हमला करने के एक आरोपी को जेल भेजा है। पुलिस एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। कारोबारी एवम हाजी इकबाल के पूर्व साझेदार अमित जैन ने बीती 17 दिसंबर को थाना मिर्जापुर में तहरीर देकर बताया था कि उनको ग्लोकल यूनिवर्सिटी के पास मिर्जापुर निवासी महबूब और उसके एक साथी शाहनवाज उर्फ टोंटी ने गोली मार दी। जिस पर कोतवाली मिर्जापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महबूब और साथी शाहनवाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं पुलिस ने अगले ही दिन महबूब को पकड़कर जेल भेज दिया था। उसका साथी शाहनवाज उर्फ टोंटी तभी से फरार चल रहा था। कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने बताया कि आरोपी महबूब के फरार साथी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। बुधवार की सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पूर्व में जेल गए हमले के आरोपी महबूब का साथी कही भागने की फिराक में है।



## वकीलों को देश खातिर आगे आना चाहिए: अंगारा

संवाददाता

**लखनऊ।** जब-जब देश पर संकट आया है तो वकीलों ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। देश की आजादी से लेकर संवैधानिक लड़ाई तक मे वकीलों की भागीदारी को भुलाया नहीं जा सकता है। यह उदगार व्यक्त करते हुए राजद के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल से लेकर अधिकांश बड़े लीडर वकालत से जुड़े रहे हैं। उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता है। अंगारा ने कहा कि आज फिर जरूरत आ पड़ी है। सियासत में अधिवक्ताओं की समुचित भागीदारी जरूरी है। वकीलों को चाहिए कि वे देश के बदलते हालातो से देश को जोड़ने की मुहिम चलाये और नफ़रत की राजनीति से देश को बचाये। लोकतंत्र और संविधान पर जब भी आंच आने लगे तथा जनमानस घबराने एवं भयभीत होने लगे तो सरकार से टकराव होना जरूरी है।

## डेढ़ माह के बच्चे को लेकर भागा बंदर,छत से नीचे फेंका, ऊंचाई से गिरने से नवजात की मौत

**बांदा।** जिले में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक बंदर घर में घुस कर एक डेढ़ महीने के नवजात को उठा ले गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब परिजन पहुंचे तो बंदर बच्चे को लेकर सीढ़ी पर जाने लगा। छत पर चढ़ने से पहले बंदर ने बच्चे को छोड़ दिया। इससे बच्चा नीचे आ गिरा और उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की बताई जा रही है। मामला तिंदवारी के छापर का है। 14 नवंबर को विश्वेश्वर के घर बेटा हुआ था। मंगलवार की दोपहर को विश्वेश्वर की पत्नी नवजात को कमरे में सुलाने के बाद बर्तन धो रही थी। तभी कुछ बंदर कमरे में घुस गए। एक बंदर चारपाई पर सो रहे नवजात उठा लिया। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर उनकी बेटी निम्मा पहुंची तो बंदर के हाथों में बच्चा देख शोर मचाने लगी। इससे बंदर तेजी से भागने लगा और बच्चे को सीढ़ी से छोड़ दिया। ज्यादा ऊंचाई से गिरने से नवजात के मुंह से खून निकलने लगा। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में 100 से अधिक बंदर आतंक मचाए हुए हैं। चार महीने पहले एडीएम से शिकायत की गई थी, जिसके बाद वनरक्षक आए और घूमकर लौट गए। बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था की होती तो आज बच्चे की जान न जाती।प्रभागीय वनाधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि देर शाम उन्हें घटना की जानकारी हुई है। उन्होंने तुरंत वन विभाग की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया है। रिपोर्ट मिलने पर अगली कार्रवाई करेंगे। बंदरों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने का प्रयास करेंगे। डीएफओ ने बताया कि हाल ही में एक्ट संशोधन में बंदरों को वन्य जीव श्रेणी से बाहर कर दिया है।

**घटना**

» बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब परिजन पहुंचे तो बंदर बच्चे को लेकर सीढ़ी पर जाने लगा

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय गोपाल दास नीरज स्मृति पुरस्कार योजना प्रारंभ करके नीरज जी को अमर किया

## लखनऊ में जल्द ही लगेगी नीरज जी की भव्य प्रतिमा : हर्ष वर्धन अग्रवाल

संवाददाता

**लखनऊ।** गीत ऋषि पद्मभूषण डॉ गोपाल दास नीरज जी द्वारा लिखी गई। यह पंक्तियां उनके व्यक्तित्व पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं । नीरज जी जैसा मस्त मौला कवि, साहित्य का पुजारी, प्रेम का दीवाना व्यक्ति कोई दूसरा हो ही नहीं सकता। आज नीरज जी 98वी जन्म जयंती के अवसर पर ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय मे, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के पूर्व संरक्षक तथा महाकवि गीतों के दरवेश पद्मभूषण (डॉ0) गोपालदास नीरज को श्रद्धापूर्ण पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल, ट्रस्ट के स्वयंसेवकों, लाभार्थियों आदि ने नीरज जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को आभार व्यक्त करते हुए ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि, प्रत्येक वर्ष पांच नवोदित कवियों को स्वर्गीय गोपाल दास नीरज स्मृति पुरस्कार योजना का प्रारंभ करके तथा लखनऊ में नीरज जी की प्रतिमा लगाने के ट्रस्ट के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने पर साहित्य जगत में योगी के नेतृत्व को स्थायी स्थान प्राप्त हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय गोपाल दास नीरज स्मृति पुरस्कार योजना÷ प्रारंभ करके नीरज को अमर कर दिया है। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट से नीरज जी का बहुत ही गहरा नाता था। उनके साथ अपनी यादों को ताजा करते हुए हर्ष वर्धन अग्रवाल कहते हैं कि नीरज जी से पहली बार मुलाकात ट्रस्ट द्वारा 02 जुलाई 2013 को आयोजित कार्यक्रम एक शाम जगजीत सिंह के नाम मे हुयी थी जिसमें नीरज जी स्वयं पधारे थे द्ध नीरज जी उस कार्यक्रम से और हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक बनने की हमारी प्रार्थना को स्वीकार किया और हमें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

**योगदान**

» हम तो मस्त फकीर, हमारा कोई नहीं ठिकाना रे। जैसा अपना आना प्यारे, वैसा अपना जाना रे।



## संक्षिप्त समाचार

### गोमतीनगर में युवक की हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**लखनऊ।** राजधानी में बुधवार दोपहर गोमतीनगर विस्तार इलाके में झाड़ियों में एक युवक का लहूलुहान हालत में शव मिला। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि बुधवार दोपहर कंट्रोल रूम पर गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र स्थित एसएसबी बिल्डिंग के सामने अंडर पास के नजदीक एक युवक के घायल पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। युवक के सिर में आगे और पीछे चोट लगी थी। युवक की उम्र करीब 25 साल है। उसके दाहिने हाथ पर अनिल कुमार लिखा है। शरीर पर सफेद-हरे रंग का स्वेटर, काले रंग की पैंट थी। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और शिनाख्त के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**बांदा।** जिले में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व बेचने की कोशिश का आरोप पीड़िता ने लगाया है। एसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह अपने दो भाइयों के साथ रहती है। गांव के एक युवक ने प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म किया। उसने 10 दिसंबर 2022 को शादी का दबाव बनाया, तो उसने इनकार कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पहली जनवरी को उसे दिल्ली बुलाया। उसने इनकार कर दिया, तो भाइयों ने आरोपियों के साथ मिलकर उसे मारा पीटा और घर में बंधक बनाकर रखा। युवती ने बताया कि वह दो जनवरी को किसी तरह घर से निकलकर जसपुरा थाने पहुंची, वहां शिकायत की। वहां सुनवाई न होने पर वह एसपी कार्यालय आई है। एसपी ने मामले की छानबीन कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जसपुरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया प्रकरण संज्ञान में है। युवती अपने गांव के ही एक युवक से एकतरफा प्यार करती है। उससे शादी करना चाहती है। वह थाने आई थी। उन्होंने उसके परिजनों और युवक के परिजनों को बुलाया था। दोनों के परिजनों के सामने आपस में समझौता करा दिया था। घटना की जानकारी उन्होंने सीओ को भी दी है। एसपी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दमा से अधेड़ और निमोनिया से बालक की मौत

**बांदा।** सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सर्दी से संबंधित मरीजों की अस्पताल में संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। मंगलवार रात को जिला अस्पताल में दमा से अधेड़ और निमोनिया से पीड़ित बालक की मौत हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मझिंला गांव निवासी मंगल (50) पुत्र शिवपाल को दमा की बीमारी थी। हालत बिगड़ने पर 25 दिसंबर को परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मंगलवार देर रात को मौत हो गई थी। मृतक के भांजे शिवभोला फालोअर सिविल लाइन चौकी ने बताया कि मृतक अविवाहित व चार भाइयों में सबसे छोटा था। इसके अलावा नरैनी कस्बा निवासी ताहिर खां (3) पुत्र जहीर खां की हालत बिगड़ने पर परिजन ने मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां पर जांच में उसके निमोनिया की चपेट में आने की जानकारी हुई। देर शाम उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर चले गए।

### बिना बकरी शेड बनवाए 3.90 लाख रुपये हजम किए

**बांदा।** प्रधान और सचिव ने बिना निर्माण कराए बकरी शेड का निर्माण दिखाकर 3.90 हजार रुपये भुगतान कर राशि हजम कर ली। सोशल आडिट के सत्यापन में खुलासा होने पर उपायुक्त (श्रम रोजगार) संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक राघवेंद्र तिवारी ने ग्राम पंचायत चंदवारा के तत्कालीन ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण मांगा है। ग्राम पंचायत चंदवारा को वर्ष 2020-21 में पशुपालक बाबूलाल, गोरेलला, रामदास, रामखिलवन, रामनरायण, स्वामी दीन, रामरतन, रामतीरथ पुत्र बोधी, रामतीरथ पुत्र टेरन के यहां नौ बकरी शेड स्वीकृत हुए थे। प्रत्येक की लागत 43,220 रुपये थी। निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी, लेकिन काम कराए बिना ही रुपये निकालकर हजम कर लिए गए। इसका खुलासा सोशल आडिट के सत्यापन में है। सामने आया कि ग्राम पंचायत में बिना शेड निर्माण के ग्राम पंचायत ने सामग्री मद के नाम पर 3,90,798 रुपये का भुगतान कर लिया है। जो वित्तीय अनियमितता और गबन की श्रेणी में आता है। उपायुक्त (श्रम रोजगार) संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ने तत्कालीन प्रधान आकांक्षा सिंह, सचिव दिनेश कुमार और तकनीकी सहायक रूपेश सहित रोजगार सेवक को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर बीडीओ के माध्यम से साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए हैं। चेतावनी द्री कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित पर मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध मनमाने तरीके से बिना कार्य के शासकीय धन के गबन की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा पशुओं पर युवक ने की फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**उरई/जालौन।** बुधवार को कालपी क्षेत्र में एक फायरिंग का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक युवक आवारा पशुओं पर फायर करता दिख रहा है। बताया रहा है कि युवक ने अपना वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जिसके बाद लोग इस वीडियो को शेयर कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहा फायरिंग का यह 14 सेकेंड का वीडियो चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सरसई का बताया जा रहा है। जिसमें यह युवक आवारा पशुओं को भगाने के लिए पहले मुंह से आवाज लगाता है इसके बाद राइफल लहराते हुए पशुओं की ओर फायरिंग कर देता है। अब सवाल यह उठता है कि फायरिंग में इस्तेमाल की गई राइफल लाइसेंसी है या नहीं व इस तरह से बेजुबानों पर फायरिंग करने पर युवक के खिलाफक्या कार्रवाई होती है यह आगामी समय तय करेगा। फिलहाल वीडियो वायरल होते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। कालपी सर्किल के सीओ देवेंद्र पचौरी ने बताया कि उक्त मामला संज्ञान में आया है, वायरल वीडियो के आधार पर सम्बंधित थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### ऊंची कूद में सोम ने पाया पहला स्थान

**उरई/जालौन।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों ने प्रतिभाग किया। ऊंची कूद में सोम पहले, करन दूसरे और लवकुश तीसरे स्थान पर रहे। बैलेसिंग रेस में अभय ने पहला स्थान पाया। 1500 मीटर वाक रेस में शिवा अव्वल रहे। 40 मीटर शटल रेस में अनुराग ने पहला, रितिक ने दूसरा और युवराज ने तीसरा स्थान पाया। 400 मीटर रेस में सोम यादव ने पहला, रोहित ने दूसरा और अंश ने तीसरा स्थान पाया। 3000 मीटर में अनुराग ने पहला, चित्रांश ने दूसरा और अभय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### स्पीकर ने दिलाई खतौली के विधायक मदन भैया को विधानसभा की सदस्यता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज 04 जनवरी को विधानभवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल में जनपद मुजफ्फरनगर के विधानसभा क्षेत्र खतौली से नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान एवं विधान सभा कार्य संचालन नियमावली की प्रति भेंट की।

### रात में और सुबह कड़ाके की सर्दी, दोपहर में धूप से दिलाई राहत

**सहारनपुर।** एक ओर जहां सुबह के समय कोहरे और शीतलहर के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ी, वहीं मंगलवार को दोपहर में हल्की धूप निकल आने से सर्दी से कुछ हद तक राहत मिली। न्यूनतम तापमान पांच और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनपद में 16 दिसंबर से सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित ट्रेलर की टक्कर से पलटी गन्ना लदी ट्रॉली

**सुल्तानपुर।** टांडा-बांदा हाईवे के रास्ते प्रयागराज की ओर जा रहा एक ट्रेलर सोमवार रात जयसिंहपुर के तिंदौली गांव के पास सड़क किनारे खड़ी गन्ना लदी ट्रॉली से भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के परखचे उड़ गए और गन्ने से लदी ट्रॉली सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। दुर्घटना में चालक विकास श्रीवास्तव निवासी बस्ती बाल-बाल बच गया। मंगलवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सेमरी चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार सोनकर ने वाहन को कब्जे में लिया।

### पीकू वार्ड को बनाया 24 बेड का आईसीयू

**सुल्तानपुर।** कोविड काल में महिला अस्पताल में बनाए गए पीकू वार्ड को 24 बेड का आईसीयू बनाया गया है। इसके सभी बेड पर वेंटीलेटर की सुविधा उपलब्ध है। मंगलवार को जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एससी कौशल ने वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने वेंटीलेटर, ऑक्सीजन के साथ ही दवाओं की उपलब्ध परखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक में कोरोना की संभावित लहर से निपटने के लिए हर जिले में आईसीयू वार्ड को तैयार रखने के निर्देश दिए थे। जिला अस्पताल के सीएमएस ने बताया कि पीकू वार्ड को पूरी तरह से आईसीयू वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में 24 बेड हैं। सभी बेड पर वेंटीलेटर की सुविधा है। अस्पताल में एनेस्थेटिक के साथ ही मैन पॉवर है। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए पर्याप्त दवाएं भी उपलब्ध हैं। चिकित्सीय उपकरणों को भी परखा गया है। पीकू वार्ड में पहुंचने वाले ऑक्सीजन की भी जांच की गई। उसकी आपूर्ति दुरुस्त मिली।

### आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**सुल्तानपुर।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। डाकखाना स्थित आम आदमी पार्टी के शिविर कार्यालय पर पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ वार्डों के संभावित प्रत्याशी एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष महमूद खान ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने जान-बूझकर आरक्षण में गड़बड़ी की है। जिला महासचिव राम विलास तिवारी ने कहा कि सरकार ने सांविधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण लागू नहीं किया तो आम आदमी पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। जिला निकाय चुनाव प्रभारी अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से पिछड़ों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है। सीवाईएसएस के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे ने कहा कि सरकार जान-बूझ कर आरक्षण समाप्त करने की साजिश कर रही है। इसके बाद पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शोहरत अली, मकसूद अंसारी, नगर अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, रामनायक तिवारी, सुरेश गौतम, मो. सलीम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एएमयू छात्रों ने हल्द्वानी में घर तोड़ने का किया विरोध

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्रों ने मंगलवार देर रात को मार्च निकालकर हल्द्वानी के फैसले का विरोध किया। छात्रों का कहना था कि सरकार लगातार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है और मुस्लिम विरोधी फैसले ले रही है। सरकार को थोड़ा नर्मी के साथ सोचना चाहिए। छात्र इन्हीं मांगों के साथ एएमयू के डक प्वाइंट पर इकट्ठा हुए और उन्होंने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए छात्र बाब-ए-सैयद गेट तक आए और फिर उन्होंने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को अपना ज्ञापन भेजकर विभिन्न मांगे की। उत्तराखंड के हल्द्वानी में लगभग 82 एकड़ जमीन पर बने 6000 मकानों पर सरकार ने बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार ने लोगों के घरों के बाहर नोटिस भी चस्पा कर दिए हैं। जिसके बाद लोग सड़क पर धरना दे रहे हैं। जिस 82 एकड़ जमीन पर मकान बने हैं, उस जमीन को रेलवे अपनी बता रही है और हाईकोर्ट में केस भी जीत लिया है। इस जमीन पर बने मकानों में मुस्लिम आबादी लगभग 95 प्रतिशत है और 5 प्रतिशत हिंदू आबादी बताई जा रही है। एएमयू छात्रों ने मार्च निकालकर इसका विरोध किया है। एएमयू के छात्रों का कहना था कि सरकार आज अंबानी और अडानी जैसे लोगों का करोड़ों-अरबों का कर्जा माफकर रही है। लेकिन गरीब और मध्यम वर्गीय लोग, जिनकी सारी पूंजी मकान बनाने में लग गई, सरकार उनको माफनहीं कर रही है। छात्रों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति और उत्तराखंड सरकार के सामने मांग रखी कि 6000 परिवारों को देखते हुए सरकार अपना बुलडोजर का फैसला वापस ले और वह 82 बीघा जमीन उनके हक में कर दे। जिससे लोगों की कई नस्लों को बचाया जा सके। हिंदुस्तान की सरकार लोगों की दर्द और तकलीफ को समझे। छात्रों के मार्च की सूचना मिलने के बाद पुलिस का खुफिया तंत्र जहां एक्टिव हो गया, वहीं दूसरी ओर कैंपस के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात कर दी गई। क्षेत्रीय थाना समेत अन्य कई थानों की फोर्स और अधिकारी कैंपस के बाहर मौजूद रहे, जिससे कि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे और कोई अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश न कर सके।

### घर में अकेला पाकर मुस्लिम युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

**अलीगढ।** जिले में एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हिंदू लड़की के साथ गैर समुदाय के युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। उसके बाद जान से मारने की धमकी दी। कहा किसी को बताया जान से मार दूंगा। जिसके बाद मौके से भागने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आस-पास के लोग पहुंच गए। जिसके बाद युवक को पकड़ कर पिटाई की। जिसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना मडराक थाना क्षेत्र की है। मडराक के एक गांव की रहने वाली 15 साल की किशोरी मंगलवार को अपने घर में अकेली थी। उसकी मां शिक्षिका है और उसके पिता बन्नादेवी थाना क्षेत्र में एक ताला फैक्ट्री में काम करते हैं। हर दिन की तरह दोनों काम पर जाने के लिए घर से निकल गए थे। माता-पिता के ड्यूटी पर जाने के बाद किशोरी घर में अकेली थी। इसी दौरान बन्नादेवी थाना क्षेत्र के आरटीआई कॉलोनी निवासी सादिक उर्फराजू पुत्र रहीस उर्फभोला घुसा आया। आरोपी ने किशोरी को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। किशोरी की आवाज सुनकर जब पड़ोसी वहां पहुंचे तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ा गया। घटना के बाद पीड़िता के माता-पिता भी घर पहुंचे, जिसके बाद किशोरी ने अपने माता पिता को सारी कहानी बताई। जिसके बाद पीड़ित पिता ने मडराक थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पीड़िता और आरोपी का मेडिकल करा लिया है। सीओ इगलास राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर सादिक उर्फराजू के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

### बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रामपुर मथुरा (सीतापुर)।** नव वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में आर्ट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को शुभकामना पत्र प्रदर्शनी का आयोजन बाबा बालकराम इंटर कॉलेज में हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विकास क्षेत्र के ग्राम गोंडा देवरिया स्थित बाबा बालकराम इंटर कॉलेज में आर्ट प्रतियोगिता के क्रम में मंगलवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में ग्रीटिंग कार्ड प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में करीब 150 बच्चों ने भाग लिया। प्रभारी शिक्षक शोभित मिश्र, रंजना मिश्र व प्रतिमा सिंह, रविन्द्र सिंह, वीरेंद्र शुक्ल व जितेंद्र सिंह ने पांच ग्रीटिंग कार्ड को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चुना। इनमें निष्ठा सिंह व अनुष्का कुशवाहा को प्रथम, आशुतोष सिंह व अनामिका को द्वितीय व नीरज कुशवाहा को तृतीय स्थान मिला। इन सभी बच्चों को कॉलेज के प्रधानाचार्य एबी सिंह की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा मनीषा साहनी, नीलाक्षी अवस्थी, नव्या गुप्ता, रेखा, सोनिका तिवारी, राधिका, वर्ष कुशवाहा, रोशनी, नेहा मौर्य, अर्पित गुप्ता, आस्था सिंह, हर्षदीप मौर्य सहित करीब 20 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश श्रीवास्तव, हरिवंश मिश्र, अनूप कुमार, सूरज वर्मा, रमन वर्मा, अभिषेक सिंह सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा को किसान संगठनों, विपक्ष का समर्थन

## यात्रा का मकसद,नफरत छोड़ो भारत जोड़ो: दिग्विजय



संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस लीडर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को किसान संगठनों, विपक्ष के नेताओं का समर्थन मिल रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कुछ दूरगामी परिणाम आयेगा या फिर यह भी औपचारिक बनकर रह जाएगी, यह तो कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन यात्रा को पसंद तो किया जा रहा है, इससे इंकार नही किया जा सकता है। किसान संगठनों और विपक्ष का समर्थन मिल रहा है। कहने को तो यह भी कह रहे हैं लोग की यह लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को घेरने की रणनीति है। भारत जोड़ो यात्रा में किसानों के मुद्दों को ऊपर रखा गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती व जयंत चौधरी की शुभकामनाओं के बाद विरोधी दलों के नेता व कार्यकर्ता यात्रा के समर्थन में आए हैं। राहुल गांधी की 3500 किमी लंबी भारत जोड़ो यात्रा कल मंगलवार को गाजियाबाद जिले के लोनी से बागपत पहुंची। कल पांच जनवरी को एलम, कांधला, ऊंचा गांव, कैराना यमुना पुल से होते हुए हरियाणा के पानीपत जिले में प्रवेश कर जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी, वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी यात्रा की तैयारियों का जायजा ले चुके हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी की यात्रा के दौरान किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सवित मलिक, रालोद के पूर्व विधायक बलवीर सिंह मलिक के भतीजे विजेंद्र मलिक, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार राहुल गांधी की भारत जोड़ो पद यात्रा को अपना समर्थन दे चुके हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा राहुल गांधी को भारत जोड़ो पद यात्रा को शुभकामना दिए जाने के बाद सपा नेता योजना आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. सुधीर पंवार भी समर्थन कर रहे हैं। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो पद यात्रा का समर्थन किया है। चौधरी नरेश टिकैत ने साफ तौर पर कह दिया कि राहुल गांधी परिवार पिछले तीन पीढ़ियां देश सेवा कर रहा है। ऊंचा गांव में राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो पद यात्रा को जिला प्रशासन ने अनुमति दे दी है। शामली के एसडीएम सदर विशु राजा के मुताबिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की पद यात्रा की अनुमति के लिए आवेदन किया था। मंगलवार को पद यात्रा की अनुमति कार्यकर्ताओं को जारी कर दी गई है। भारत जोड़ो यात्रा में बागपत के मवीकलां पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जहां यात्रा को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी और भाजपा सरकार पर हमला किया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि भाजपा हमेशा धर्म और जाति के नाम पर तोड़ने की राजनीति करती है। कांग्रेस सभी को जोड़ने का काम कर रही है।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस यात्रा से कोई वोट मांगने नहीं आया है बल्कि इसका मकसद नफ़रत छोड़ो, भारत जोड़ो की अपील करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़ाकर तोड़ने का काम किया है। उसके विपरीत कार्य करने के लिए यह यात्रा निकाली रही है। जिससे देश में रहने वाला हर व्यक्ति जोड़ा जा सके।कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय उर्फलल्लू ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक जाएगी,जिसमें राहुल गांधी ने रोजाना, मजदूरों, गरीबों, किसानों एवं अन्य वर्गों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने नफ़रत की राजनीति को खत्म करने और प्यार मोहब्बत की राजनीति को बढ़ावा देने का काम किया है। भारत जोड़ो यात्रा को जिस मकसद से शुरू किया गया था।

## मादक पदार्थ की तस्करी में दोषी को आठ माह की सजा

**न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आठ माह की सजा सुनाई**

**हमीरपुर।** साढ़े सात वर्ष पूर्व मादक पदार्थ की तस्करी के पुराने मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आठ माह की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया। एफटीसी द्वितीय गीतांजलि गर्ग की अदालत ने दोषी को आठ माह का कठोर कारावास व पांच अर्थदंड की सजा सुनाई है।
मुस्करा थानाक्षेत्र के कंधौली निवासी दोषी भूपेंद्र को पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एसएचओ लाल सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल 2015 को अपने हमराहियों के साथ कस्बे के बस स्टैंड तिराहे पर सुबह करीब चार बजे पकड़ा था। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया व अशोक शुक्ला ने बताया कि अदालत ने भूपेंद्र को सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर दोषी को 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## ठंड का सितम, दो मासूम समेत तीन की मौत

**इटावा में 4 और कई जिलों में 5 डिग्री पहुंचा**



**कानपुर।** कानपुर और आसपास के जिलों में कड़ाके की ठंड जारी है। मंगलवार को ठंड के तेवर और कड़े हो गए। इटावा में चार डिग्री समेत अधिकतर जिलों में न्यूनतम पारा लुढ़ककर पांच डिग्री तक पहुंच गया। फतेहपुर में पांच डिग्री न्यूनतम तापमान में 24 घंटे के दौरान एक मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई। कन्नौज में एक मासूम की जान ठंड से चली गई। बांदा में ठंड लगने से बीमार हुए नौ लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। औरैया में मंगलवार को सुबह से ही शीतलहर के चलने से पूरा दिन ठंडक रही। पारा लुढ़क कर पांच डिग्री पर पहुंच गया। मौसम की स्थिति बिगड़ते देख जिला प्रशासन ने शाम होते-होते ठंड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की। बांदा में पिछले पांच वर्ष में पहली बार तीन जनवरी को न्यूनतम पारा लुढ़क कर सात डिग्री पर पहुंचा है। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिनेश शाह ने बताया कि अगले चार दिन तक ठंड से राहत नहीं रहेगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते ठंड बढ़ी है। न्यूनतम तापमान एक-दो डिग्री और नीचे लुढ़कने के आसार हैं। अधिकतम तापमान में भी कमी आएगी। इटावा में मंगलवार को न्यूनतम पारा एक डिग्री सेल्सियस लुढ़ककर चार डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सुबह घने कोहरे के साथ ही शुरुआत हुई। वन्यजीवों का भी ठंड से बुरा हाल रहा। जालौन में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री, महोबा, कन्नौज में 5.5 डिग्री, फर्रुखाबाद, हरदोई, हमीरपुर और उन्नाव में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा।

## सीटी स्कैन सेंटर की अव्यवस्था बढ़ा रही मरीजों का दर्द



**सुल्तानपुर।** अमहट में मिनी ट्रॉमा सेंटर परिसर स्थित सीटी स्कैन सेंटर की अव्यवस्था मरीजों की परेशानी बढ़ा रही है। परिसर में मरीजों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। कड़ाके की ठंड में मरीजों व तीमारदारों को जमीन पर घंटों बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं भीषण जाड़े में अलाव की भी इंतजाम नहीं किया गया है। अखंडनगर क्षेत्र के मिश्रपुर जलालपुर निवासी दिनेश गुप्ता मंगलवार को अपनी बीमार बहन कंचन की जांच कराने दोपहर करीब डेढ़ बजे सीटी स्कैन सेंटर पहुंचे थे। साढ़े तीन बजे तक उनका नंबर नहीं आया था। बताया कि कंचन के पीठ में तेज दर्द हो रहा था। बावजूद इसके उसे दो घंटे से अधिक समय तक सीटी स्कैन सेंटर के बाहर जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। अझुई निवासी हाजिश अपने ढाई साल के बेटे सफवान का सीटी स्कैन कराने गई थीं। जांच केंद्र पर बेंच की सुविधा नहीं होने की वजह से परिसर में पड़ी सूखी लकड़ी पर ही वह लगभग तीन घंटे तक अपने मासूम बेटे को लेकर बैठी रहीं। हीरापुर गांव निवासी नीलम मंगलवार को अपनी ननद गीता की जांच कराने सीटी स्कैन सेंटर पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि दो घंटे बाद उनके मरीज का नंबर आया। इस दौरान उन्होंने भी जमीन पर रखे लकड़ी के टुकड़े पर बैठकर इंतजार किया। सीएमओ डॉ. डीके त्रिपाठी ने बताया कि सीटी स्कैन सेंटर पर बैठने की व्यवस्था कराई जाएगी। जिससे किसी भी मरीज अथवा उसके तीमारदार को परेशानी न उठानी पड़े। अलाव जलवाने की भी व्यवस्था की जाएगी। सर्दी चरम पर है फिर भी मिनी ट्रॉमा सेंटर परिसर में अलाव नहीं जलाया गया। यहां आने वाले मरीज परिसर में इधर-उधर पड़े रद्दी कागजों को जलाकर सर्दी से बचने की कोशिश करते हैं। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप व्यवस्था के तहत संचालित सीटी स्कैन सेंटर पर रोज औसतन 70 मरीजों की जांच की जाती है। जांच केंद्र भवन के भीतर हॉल में सिर्फ पांच मरीजों के ही बैठने की व्यवस्था है।

## आज होगी पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पेशी

**सुल्तानपुर।** लखनऊ जेल में निरुद्ध पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पेशी बुधवार को जिले की एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में होगी। कोर्ट ने उन्हें जेल से तलब किया है। आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में उनका बयान अदालत में दर्ज किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान 28 जनवरी 2012 को नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान गायत्री प्रजापति ने अमेठी के अंबेडकर चौराहे के पास जुलूस निकालकर आचार संहिता का उल्लंघन किया था। अमेठी के तत्कालीन कोतवाल अमरेंद्रनाथ बाजपेयी ने गायत्री के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का केस दर्ज किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अभियोजन पक्ष का साक्ष्य समाप्त होने के बाद गायत्री प्रजापति का बयान कोर्ट में दर्ज होना है।

## 14 घंटे बिजली कटौती से बेहाल रही शहर की 60 हजार आबादी

**सुल्तानपुर।** डाकखाना उपकेंद्र की मरम्मत को लेकर लिए गए शटडाउन के दूसरे दिन शहर की 60 हजार आबादी बेहाल रही। करीब 14 घंटे की कटौती से दुकानों व घरों के इन्वर्टर जवाब दे गए। बिजली कटौती का असर सरकारी कामकाज, व्यवसाय पर भी पड़ा। जेनरेटर की व्यवस्था न होने से कई कार्यालयों व प्रतिष्ठानों में कई जरूरी कार्य नहीं हो सके। सुबह साढ़े आठ बजे बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद देर शाम तक निजी पैथोलॉजी पर मरीजों की कई जांचें लगातार दूसरे दिन भी प्रभावित रहीं। एक्सरे का कार्य दिन भर ठप रहा। सरकारी कार्यालयों, दुकानों व घरों के इन्वर्टर दोपहर तक जवाब दे गए। सरकारी कार्यालयों में इन्वर्टर बंद होने से कंप्यूटर सेट भी बंद हो गए। बाल विकास, पंचायतराज, प्रोबेशन, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों में ऑनलाइन कार्य ठप हो गया। जेनरेटर के अभाव में कई विभागों में फोटोकॉपी समेत अन्य कार्य नहीं हो सके। बिजली के अभाव में सरकारी कार्यालयों, दुकानों व घरों में ब्लोअर नहीं चलने से लोग ठंड से दिन भर कांपते रहे। शहर में दिन भर जेनरेटर का शोर गूंजता रहा। शटडाउन का समय सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बताया गया था। निर्धारित समय बीतने के बाद बिजली आपूर्ति की जानकारी लेने के लिए डाकखाना उपकेंद्र का फोन घनघनाने लगा। रात को आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों को राहत मिल सकी। अवर अभियंता धर्मनाथ प्रसाद ने बताया कि उपकेंद्र के फीडरों व इनकमिंग पैनल बंदलने का काम पूरा कराया गया है। इसके बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई। अधीक्षण अभियंता राकेश प्रसाद ने बताया कि ठंड में बिजली की कम जरूरत को देखते हुए संयंत्रों को अपग्रेड कराया जा रहा है।

## बलिया ने भदोही और संतकबीरनगर को दी मात

**वाराणसी।** राबर्ट्सगंज स्थित हाइडिल मैदान में चल रहे सोनभद्र कप में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में बलिया की टीम ने संतकबीरनगर और फिर भदोही की टीम को मात दी। प्रकाश पाली क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ. एचपी सिंह ने टॉस करा कर पहले मैच की शुरुआत कराई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बलिया की टीम ने 15 ओवरों में कुल 206 रन बनाया। मुरारी ने 51 बॉल पर 117 रन बनाकर शतकीय पारी खेली। कप्तान रोहित रंजन ने 79 रन बनाए। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संतकबीरनगर की टीम रोहित के 26, शिवा के 16 और नीरज के 12 रनों की बदौलत 71 रनों पर ही सिमट गई। बलिया की ओर से अनुपम ने 4 व विशाल ने 3 विकेट चटकाए। बलिया की टीम 136 रन से विजयी रही। दूसरा मैच बलिया और भदोही के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बलिया की टीम ने इस मैच में 18 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाया। विशाल, पंकज और सैफ ने क्रमशः 46, 31 और 26 रन बनाए। भदोही के विशाल कुमार ने 4 व धीरू ने 2 विकेट गिराए। 155 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही के खिलाड़ी अरमान ने 29 गेंद पर 64 रन बनाया। सरोज ने 30 व हेमंत ने 15 रन का योगदान दिया। बलिया के अनुपम ने 4 अनुज ने तीन विकेट लिया। इस मैच में भी बलिया ने 24 रनों से भदोही को हराकर विजेता बनी। इस दौरान राजेश चौबे, नवल, राहुल, मनीष, राज, अखिलेश, अमित पांडेय आदि मौजूद रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में सोनभद्र को पहली रैंक



**सोनभद्र।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायतों के निस्तारण में सोनभद्र फिर उत्तर प्रदेश में अव्वल है। शासन स्तर से जारी दिसंबर की रैंकिंग में यूपी के सभी 75 जिलों में सोनभद्र प्रथम स्थान पर है। देवरिया, शामली और मुजफ्फरनगर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इससे पहले सितंबर की रैंकिंग में भी सोनभद्र ने 98.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया था। जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शासन स्तर से निगरानी की जाती है। संचार सेवाओं के अभाव और भौगोलिक चुनौतियों के कारण शिकायतों के निस्तारण में सोनभद्र लगातार बॉटम-10 में शामिल होता रहा था। जून में सोनभद्र को 69वीं रैंक मिली थी। इसके बाद डीएम के सख्ती और विशेष प्रयासों के बाद रैंकिंग में लगातार सुधार होता रहा। डीएम के प्रयासों का असर रहा कि पुलिस संदर्भ के मामलों को छोड़कर अन्य विभागों से जुड़े शिकायतों के निस्तारण में सोनभद्र ने सितंबर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्तूबर, नवंबर में भी जिला टॉप-10 के करीब रहा। अब बुधवार को जारी हुई दिसंबर की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान मिला है।
जिले को कुल 140 अंकों के पूर्णांक के सापेक्ष 139 अंक प्राप्त हुए हैं। डीएम चंद्र विजय सिंह ने इस उपलब्धि के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण इसी प्रकार समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाय, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। संयुक्त रूप से दूसरा रैंक पाने वाले देवरिया, शामली और मुजफ्फरनगर को 136 अंक प्राप्त हुए हैं।

# एक और रिटायर्ड आईपीएस सियासत में दाखिले को तैयार,एक विहिप में

## सीएम योगी से मिले पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश, केपी वीएचपी में दाखिल



लखनऊ,04 जनवरी 2023 (यूएनएस)। अब एक और रिटायर्ड आईपीएस अफसर सियासत में दाखिल होने को तैयार है। बीजेपी का कमल थामेंगे या नही ,अभी तय नहीं है। मगर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से उनकी सेवानिवृति के चंद घंटों बाद भेंट ने इशारा तो कर ही दिया है। ये हैं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रेम प्रकाश।अधिकारियों का राजनीतिक प्रेम नई बात नहीं है लेकिन यूपी में इन दिनों एक लहर चल पड़ी है। कुछ अधिकारी तो इस्तीफा देकर राजनीतिक पार्टियों का दामन थाम रहे हैं। आईपीएस अधिकारियों में ज्यादा तेजी दिख रही है। पूर्व डीजीपी बृजलाल, आईजी और कानपुर कमिश्नर रहे चुके असीम अरुण और अब आईपीएस रहे केपी सिंह उर्फ कावेंद्र प्रताप सिंह ने विश्व हिंदु परिषद की राह पकड़ी है। बड़े पद से नवाजे भी गए हैं। रिटायर होने के बाद प्रेम प्रकाश तुरंत बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुंच गये। ये धाकड़ आईपीएस माने जाते रहे हैं। दिल्ली के रहने वाले प्रेम प्रकाश यूपी के जरिये राजनीति में प्रवेश पा सकते हैं। प्रयागराज जोन के पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश रिटायर हो गए हैं। रिटायर होने के महज दो दिन बाद ही वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने जा पहुंचे। मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और लोग इस मुलाकात के बाद तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। प्रेम प्रकाश की छवि की एक ईमानदार और धाकड़ पुलिस अधिकारी के रूप में रही है।प्रेम प्रकाश भारतीय पुलिस सेवा से रिटायर हो गए हैं। इसके दो दिन बाद ही प्रेम प्रकाश ने सीएम योगी से मुलाकात की थी जिसकी तस्वीरें शेयर कर लोग उनके भाजपा में शामिल होने का अनुमान लगाने लगे। प्रेम प्रकाश भाजपा में शामिल होंगे या नहीं, इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन सोशल मीडिया पर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश कैडर में पूर्व आईपीएस कावेंद्र प्रताप सिंह प्रयागराज में 18-19 साल तक सेवा के दौरान तैनात रहे हैं। दो दिन पहले रिटायर हुए आईपीएस और एडीजी जोन रह चुके प्रेम प्रकाश ने भी सीएम योगी से मुलाकात करके नई चर्चा को जन्म दे दिया है। आईपीएस लॉबी में राजनीतिक प्रेम को लेकर जमकर चर्चा है। प्रयागराज में आईजी रहे पुलिस अफसर कविंद्र प्रताप सिंह ने रिटायरमेंट के बाद विश्ध्व हिंदू परिषद जॉइन की ।

# उत्तराखंड में 4000 परिवारों के बेघर होने का खतरा

» उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को वह सुनवाई करेगा

» उच्च न्यायालय के फैसले के बाद उनके बेघर होने का खतरा उत्पन्न हो गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर कथित तौर पर अतिक्रमण कर दशकों से बसे हजारों परिवारों की ओर से दायर उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को वह सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए पांच जनवरी को सुनवाई करने के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। भूषण ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान इस मामले ( इकतादर उलाह बनाम रवि शंकर एवं अन्य) को महत्वपूर्ण बताते हुए शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। अधिवक्ता भूषण ने बनभूलपुरा (आजाद नगर) के कुछ निवासियों का पक्ष रखते हुए कहा था कि वे 70 वर्षों से अधिक समय से रह रहे हैं। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद उनके बेघर होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय के इस फैसले में कई खामियां हैं।



न्यायालय का यह फैसला सार्वजनिक परिसर अधिनियम रेलवे अधिकारियों पर लागू नहीं होता है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय का दिसंबर 2022 में रेलवे के पक्ष में फैसले से हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में दशकों से रह रहे 'वंचित' वर्ग के 4,000 से अधिक परिवारों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि उत्तराखंड सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष ठीक तरीके से नहीं रखा। इसी वजह से रेलवे के पक्ष में फैसला आया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे समाज के वंचित वर्ग से संबंधित है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद उनके सामने बेकार होने का खतरा मंडरा रहा है।

### सम्मेद शिखर की पवित्रता बनाये रखने की मांग

**नई दिल्ली।** बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य रघुनाथ गुप्ता ने जैन धर्मावलम्बियों के तीर्थस्थल सम्मेद जी शिखर की पवित्रता को बनाये रखने तथा उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के झारखंड सरकार के निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है । गुप्ता ने आज यहां बताया कि राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जैन धर्मावलम्बी पूरे देश में झारखंड के इस पवित्र स्थल की मर्यादा बरकरार रखने की मांग को पूरे देश में आन्दोलन कर रहे हैं ।

## शंघाई की 70 फीसदी आबादी कोरोना से संक्रमित'

**नई दिल्ली।** चीन में कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के कारण आशंका जतायी गयी है कि शंघाई की 70 फीसदी आबादी अब तक इसकी चपेट में आ चुकी होगी। चीन में पिछले महीने कोविड-19 को लेकर लगाई गई पाबंदियों में ढ़ील दिए जाने के बाद संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। अस्पतालों में मरीजों और श्मशान घाटों पर शवों में संख्या में काफी बढ़ोतरी हुयी है। रुइजिन अस्पताल के उपाध्यक्ष एवं शंघाई के कोविड विशेषज्ञ सलाहकार पैनल के सदस्य चेन एर्ज़ेन ने अनुमान लगाया कि शहर के 2.5 करोड़ लोगों में अधिकांश इस जानलेवा विषाणु से संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने चीन की दजियांगडोंग स्टूडियो को मंगलवार को बताया, ÷अब शंघाई में महामारी का प्रसार बहुत व्यापक है और यह 70 फीसदी आबादी तक पहुंच चुका होगा ।

शंघाई में गत अप्रैल से दो महीने के लिए सख्त लॉकडाउन लगाया गया था। इस दौरान 600,000 से अधिक निवासी संक्रमित हुए थे। काफी संख्या में लोगों को क्वारंटीन केंद्रों में रखा गया था।उन्होंने कहा कि शंघाई अस्पताल में प्रतिदिन 1,600 मरीज कैजुअल्टी वार्ड में आ रहे हैं।

## दूरदर्शन, आकाशवाणी के कायाकल्प के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए की योजना मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के बुनियादी ढांचे को बदल कर अगले 20 साल के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ढांचा तैयार करने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की एक महत्वाकांक्षी योजना को आज मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गयी। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रसार भारती यानी आकाशवाणी (आल इंडिया रेडियो) और दूरदर्शन (डीडी) के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दो हजार 539.61 करोड़ रुपये की लागत वाली केंद्रीय योजना 'द ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट'(बीआईएनडी) के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। यह योजना प्रसार भारती को संगठन के बुनियादी ढांचे, कंटेंट के सृजन और सिविल वर्कर में प्रसारण के विस्तार और उन्नयन से संबंधित व्यय हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए है। सूचना प्रसारण मंत्री के अनुसार बीआईएनडी योजना सार्वजनिक प्रसारक को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ अपनी सुविधाओं को व्यापक रूप से उन्नयन करने में सक्षम बनाएगी, जिससे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, सीमा एवं रणनीतिक क्षेत्रों सहित इनकी पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ाते हुए श्रोताओं और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कंटेंट प्रदान किया जाएगा। इस योजना का एक अन्य प्रमुख प्राथमिकता वाला क्षेत्र घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त कंटेंट का विकास और अधिक चैनलों को समायोजित करने के लिए डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता उन्नयन द्वारा दर्शकों के लिए विविध कंटेंट की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करना है। ओबी वैन की खरीद और डीडी एवं आकाशवाणी स्टूडियो को एचडी स्तर पर तैयार करने के लिए डिजिटल उन्नयन को भी परियोजना के हिस्से में शामिल किया जाएगा।

### स्वीडन, फिनलैंड जल्द से जल्द नाटो में शामिल हों : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फिनलैंड और स्वीडन के जल्द से जल्द उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की कामना की है। मैक्रों ने मंगलवार को पेरिस में स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन की मेजबानी में यह कहा है। उन्होंने श्री क्रिस्टन के साथ वार्ता से पहले कहा,÷हम नाटो में स्वीडन के प्रवेश पर चर्चा करेंगे जिसे मैं इसे जल्द से जल्द पूरा करना चाहता हूं। ठीक वैसे ही जैसे गठबंधन में फिनलैंड का प्रवेश की बात है।

## महिला सुरक्षा पर केंद्र और दिल्ली सरकार गंभीर नहीं : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और दिल्ली की आम आदमी पार्टी(आप) सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगते हुए दिल्ली की पीड़ित युवती को तत्काल न्याय देने के लिए कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लाम्बा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि



दिल्ली में आये दिन महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और 'आप' के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं। गुजरात और तमिलनाडु कैडर के उन पुलिस अधिकारियों को दिल्ली पुलिस का मुखिया बनाया जा रहा है जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी की कोई जानकारी नहीं है। जिस युवती को 12 किलोमीटर तक घसीटा गया तीन महीने के भीतर उसे न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि निर्भया कांड के समय जो राजनीतिक दल मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री का इस्तीफा मांगते थे वे आज सत्ता में हैं और अपनी जिम्मेदारियों को भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल होने के नाते कांग्रेस इन घटनाओं को देखते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग करती है।

### मालीवाल ने लड़की के अपहरण की कोशिश पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राजधानी में एक 19 वर्षीय लड़की के अपहरण के प्रयास को लेकर बुधवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। सुश्री मालीवाल ने कहा,हमें इस प्रकार के मामले रोज देखने को मिल रहे हैं। पता नहीं महिलाओं और बच्चियों पर यह अत्याचार कब रुकेगा। ऐसे मामलों से निपटने के लिए हमें अपनी व्यवस्था को और प्रभावी और मजबूत बनाने की जरूरत है।

## उमरान मलिक ने तोड़ा बुमराह का रिकॉर्ड

### 155 की स्पीड से बॉल डाल श्रीलंकाई कप्तान को चौंकाया

एजेंसी

**मुंबई।** भारत ने साल की शुरुआत जीत के साथ की है। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में टीम इंडिया ने दो रन से जीत हासिल की। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा। श्रीलंका की टीम 162 रन के लक्ष्य का हासिल नहीं कर सकी और टीम इंडिया ने दो रन से मैच अपने नाम किया। शिवम मावी भारतीय टीम की जीत के हीरो रहे और अपने इंटरनेशनल डेब्यू में ही चार विकेट झटके। हालांकि, तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक ने भी कहर बरपाया और दो विकेट झटके। मैच के बाद उमरान मलिक का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। मावी ने श्रीलंकाई टीम को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया था। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवरों में ही दो विकेट झटके थे। इसके बाद उमरान ने चरिथ असलंका को पवेलियन भेजा। भानुका राजपक्षा भी कुछ खास नहीं कर सके। 68 रन तक श्रीलंका




ने पांच विकेट गंवा दिए थे इसके बाद वानिंदु हसरंगा और कप्तान दासुन शनाका ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी निभाई।

मावी ने हसरंगा को आउट किया। वहीं, उमरान ने एक तूफानी स्पीड वाली गेंद पर शनाका को आउट किया। जिस गेंद पर उमरान ने शनाका को पवेलियन भेजा उसकी रफ्तार 155 किमी प्रति घंटे की थी। यह इस मैच की सबसे तेज गति की गेंद भी रही। उमरान की इस तेज गति की गेंद पर शनाका ने युजवेंद्र चहल को कैच थमाया। उन्होंने 27 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली। इस विकेट ने मैच का रुख पलट कर रख दिया और भारतीय टीम मैच में हावी हो गई।

उमरान ने सबसे तेज गेंद फेंकने के मामले में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया। बुमराह की अब तक की सबसे तेज गति की गेंद 153.36 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की रही है। उनके बाद मोहम्मद शमी (153.3 किलोमीटर प्रति घंटे), नवदीप सैनी (152.85 किलोमीटर प्रति घंटा) का नंबर आता है। प्रशंसकों और विशेषज्ञों ने शानदार प्रदर्शन के लिए उमरान की सराहना भी की।

## देहरादून से मुंबई एयरलिफ्ट होंगे पंत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को वायु मार्ग के जरिये देहरादून से मुंबई लाने का निर्णय लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पंत को यहां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया जायेगा और वह स्पोर्ट्स चिकित्सा केंद्र के प्रमुख डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की निगरानी में रहेंगे। डॉ. पारदीवाला इससे पहले सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और कई ओलंपिक एथलीटों के साथ भी काम कर चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार बीसीसीआई ने देहरादून के मैक्स अस्पताल द्वारा पंत को दिये गये तत्काल उपचार की सराहना की है, लेकिन वह अपनी मेडिकल टीम द्वारा पंत की चोटों का इलाज करना पसंद करता है।



गौरतलब है कि 25 वर्षीय प्रतिभावान बल्लेबाज पंत 30 दिसंबर को उत्तराखंड के रूड़की में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे। वह चमत्कारिक रूप से बच गये, हालांकि इस दुर्घटना में उनके माथे, कलाई, एड़ी और पीठ में चोट लगने के अलावा घुटने की कुछ मांसपेशियां (लिगामेंट) फट गयी थीं। पंत यहां लिगामेंट सर्जरी के बाद इलाज की प्रक्रिया से गुजरेंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम पंत के इलाज और रिहैब के दौरान उनकी देखरेख करेगी। पंत को पूरी तरह फिट होने में कितना समय लगेगा इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने अभी चलना भी शुरू नहीं किया है। साल 2023 में भारत को चार टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है, जो नौ फरवरी को शुरू हो रही है। भारत अगर यह सीरीज जीतता है तो वह जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप भी खेलेगा, जबकि भारत में होने वाला एकदिवसीय विश्व कप अक्टूबर-नवंबर में खेला जायेगा।

## चीन में कोविड के बढ़ते मामले से सहम गया शेयर बाजार

एजेंसी

**मुंबई।** चीन में कोविड के बढ़ रहे मामले और अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिन की तेजी के बाद आज एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 636.75 अंक अर्थात 1.04 प्रतिशत की गिरावट लेकर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 60657.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 202 अंक यानी 1.11 प्रतिशत टूटकर 18030.55 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। इससे बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत उतरकर 25,266.13 अंक और स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत गिरकर 28,993.03 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3627 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2271 में बिकवाली जबकि 1226 में लिवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 43 कंपनियां लाल जबकि




शेष सात हरे निशान पर रही। बीएसई के सभी 20 समूह में गिरावट रही। इस दौरान धातु 2.83, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.98, ऊर्जा 1.70, एफएमसीजी 0.73, वित्तीय सेवाएं 1.03, हेल्थकेयर 0.31, इंडस्ट्रियल्स 0.60, आईटी 1.00, दूरसंचार 1.23, यूटिलिटीज 1.74, ऑटो 0.71, बैंकिंग 0.97, कैपिटल गुड्स 0.78, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, तेल एवं गैस 1.52, पावर 1.51, रियल्टी 1.99, टेक 1.04 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.44 प्रतिशत लुढ़क गये।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25, जर्मनी का डैक्स 1.12, हांगकांग का हैंगसेंग 3.22 और चीन क शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान के निक्केई में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 61,294.65 अंक पर सपाट खुला लेकिन दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 61,327.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 60,593.56 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 61,294.20 अंक के मुकाबले 1.04 प्रतिशत टूटकर 60,657.45 अंक पर आ गया।

# देश-विदेश डायरी

## ट्विटर जल्द ही राजनीतिक विज्ञापनों का विस्तार करने की बना रहा है योजना

**वाशिंगटन।** माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि वह राजनीतिक विज्ञापनों का विस्तार करने की योजना को सरल बना रहा है। ट्विटर ने सेफ्टी अकाउंट से यह घोषणा करते हुए कहा, 卐आज, हम अमेरिका में कारण-आधारित विज्ञापनों के लिए अपनी विज्ञापन नीति में ढील दे रहे हैं। हम आने वाले सप्ताह में राजनीतिक विज्ञापन का विस्तार करने की भी योजना बना रहे हैं। ट्विटर की घोषणा के अनुसार उसने अपनी विज्ञापन नीति को अमेरिकी टेलीविजन और अन्य मास मीडिया सेवाओं के साथ संरेखित करने की भी योजना बनाई है। फिलहाल, ट्वीटर प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक सामग्री के प्रचार पर रोक है। गौरतलब है कि नवंबर 2019 में ट्विटर ने आधिकारिक तौर पर अपने मंच से सभी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक डोरसी ने घोषणा की थी कि ट्विटर पर अब उन विज्ञापनों की अनुमति नहीं देगी।

## कंबोडिया में पिछले साल डेंगू बुखार के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में 2021 में डेंगू बुखार के 1,811 मामलों की तुलना में वर्ष 2022 में 12,500 मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय में नेशनल सेंटर फॉर पैरासिटोलॉजी, एंटोमोलॉजी एंड मलेरिया कंट्रोल के उप निदेशक लीनग रिथिया ने कहा कि पिछले साल देश भर में भारी बारिश के कारण डेंगू बुखार के मामलों में तेजी से वृद्धि हुयी है। उन्होंने शिन्हुआ को बताया, इस बीमारी के कारण पिछले साल 19 बच्चों ने जान गंवाईं जबकि 2021 में केवल आठ लोगों की ही मृत्यु हुयी थी। श्री रिथिया ने कहा कि केंद्र डेंगू बुखार से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को डेंगू रोधी मच्छर लार्वासाइड एबेट का वितरण जारी रखेगा।

## इजरायल में टर्की के दो और फार्मों में बर्ड फ्लू का पता चला

**यरुशलम।** इजरायन में दो और टर्की फार्मों में रोगजनक एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप का पता चला है ।इजरायल के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजरायल द्वारा बनाई गई बैरियर दीवार के पास मैगल गांव में टर्की के तीन कॉप संरचनाओं में एच5एन1 से संक्रमित पाए गए। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण का दूसरा मामला बीयर तुविया के दक्षिणी गांव में तीन कॉप संरचनाओं में पता चला है। इसके बाद देश में अब तक नौ पोल्ट्री फार्मों में बर्ड फ्लू के प्रकोप की सूचना मिली है। मंत्रालय ने जंगली पक्षियों से संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए प्रजनकों को पक्षियों को घर के अंदर रखने का आह्वान किया और इन दोनों जगहों ??के 10 किमी के भीतर सभी कॉप्स को क्वारंटीन कर दिया है। साथ ही मंत्रालय ने लोगों को केवल विनियमित विक्रय स्थलों पर ही पोल्ट्री मांस और अंडे खरीदने का निर्देश दिया है और कहा कि बिना चिह्नित और बिना पैक किए अंडे खरीदने से बचें। पके हुए मांस और अंडे का ही सेवन करें।

## न्यूजीलैंड में भूकंप के तेज झटके

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप के मध्य भाग में स्थित वाइकाटो जिला में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गयी। जियोनेट ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र ते अरोहा से पांच किलोमीटर दक्षिण में घरती की सतह से सात किलोमीटर की गहराई में था। जियोनेट के अनुसार 20,000 से अधिक लोगों ने एक घंटे के भीतर भूकंप के झटके महसूस करने की सूचना दी। कई लोगों ने कहा कि भूकंप के झटके काफी तेज थे और 20 सेकंड से अधिक समय तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या सहायता की मांग की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## श्यामल घोष का निधन, भारतीय फुटबॉल ने शोक व्यक्त किया

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्यामल घोष का यहां एक स्थानीय अस्पताल में हृदय गति रुकने से निधन हो गया है। घोष ने कुछ समय बीमार रहने के बाद मंगलवार को अपनी आखिरी सांस ली। उनकी उम्र 71 वर्ष थी। श्री घोष 70 और 80 के दशक में भारत के सबसे कुशल सेंट्रल डिफेंडर माने जाते थे। इसी बीच, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को श्री घोष के निधन पर शोक व्यक्त किया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 卐 श्यामल दा का निधन भारतीय फुटबॉल के लिये बड़ा झटका है। वह 1970 के दशक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक होने के अलावा अपने बेमिसाल शिष्टाचार के लिये जाने जाते थे। वह अपने पूरे जीवन के दौरान मैदान के अंदर और बाहर एक शिष्ट व्यक्ति बनकर रहे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, 卐 श्यामल घोष अपने नायाब कौशल के कारण युवा डिफेंडरों के लिये एक आदर्श थे। हम सभी उनके निधन से बेहद दुखी हैं। यह पूरी भारतीय फुटबॉल बिरादरी के लिये बड़ा झटका है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। श्री घोष ने थाईलैंड के खिलाफ 24 जुलाई, 1974 को मेरडेका कप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। वह उस साल तेहरान में हुए एशियाई खेलों में भारतीय टीम के एक प्रमुख खिलाड़ी थे। उन्होंने भारत की वरिष्ठ टीम के लिये सात मैच खेले। घरेलू स्तर पर श्री घोष ईस्ट बंगाल और मोहन बागान दोनों के महत्वपूर्ण खिलाड़ी थी। उन्होंने इन दोनों टीमों के लिये कैलकटा फुटबॉल लीग, आईएफए शील्ड, डूरंड कप और रोवर्स कप जैसे कई खिताब जीते। उन्होंने ईस्ट बंगाल के साथ एक सफल करियर में सात सीजन खेले और 1977 में टीम की कप्तानी भी की। श्री घोष ने राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) में पांच बार बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और 1975, 1976 एवं 1977 में चैंपियन बनकर हैट्रिक लगायी। उन्हें 2016 में ईस्ट बंगाल द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## पांड्या ने अक्षर को दिया आखिरी ओवर कहा- 'मैं टीम को मुश्किल हालात में डालना चाहता हूं,

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने श्रीलंका को पहले टी20 मैच में रोमांचक अंदाज में 2 रनों से हरा दिया. टीम इंडिया की तरफ से दीपक हुड्डा, शिवम मावी और अक्षर पटेल ने कमाल का खेल दिखाया. इन खिलाड़ियों की वजह से ही भारतीय टीम मैच जीतने में सफल रही. मैच जीतने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने एक खिलाड़ी की जमकर तारीफ की है. आइए जानते हैं, इसके बारे में। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में कैच लेते समय कप्तान हार्दिक पांड्या चोटिल हो गए थे, इसी वजह से वह कुछ देर के लिए मैदान के बाहर चले गए थे. मैच के बाद उन्होंने कहा, 'हां अब, निश्चित रूप से कप्तान कहलाने की आदत डाल रहा हूं. यह सिर्फ क्रैम्प है. अब मुझमें लोगों को डराने की प्रवृत्ति है. लेकिन अगर मैं मुस्कुरा रहा हूं तो सब कुछ ठीक है. मैं ठीक से सो नहीं पाया. पानी नहीं पीया. इसलिए ग्लूट्स कठोर हो गए थे। श्रीलंका टीम को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 13 रनों की जरूरत थी. तब हार्दिक पांड्या ने आखिरी ओवर अक्षर पटेल को दिया. इस पर उन्होंने कहा, 'मैं टीम को मुश्किल हालात में डालना चाहता हूं।

## मणिका ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल की

**लुसाने।** भारत की स्टार पैडलर मणिका बत्रा ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस संघ (आईटीटीएफ) की विश्व रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 35वां स्थान हासिल कर लिया है। आईटीटीएफ की ओर से मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में मणिका 740 अंकों के साथ 35वीं रैंक पर पहुंच गयीं। मणिका ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई कप 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक सफर किया था, जिसके लिये उन्हें 175 अंक प्राप्त हुए। भारत की 27 वर्षीय पैडलर कांस्य पदक मैच में जापान की छठवीं रैंक खिलाड़ी हिना हयाटा को हराकर एशियाई कप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गयी थीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# साल 2023 में इन 5 हसीनाओं के एक्टिंग करियर का होगा आगाज

## बॉलीवुड में पहला कदम रखने को तैयार है ये स्टारकिड्स

**साल** 2023 का आगाज हो गया है। इस साल बॉलीवुड इंडस्ट्री में तमाम फिल्में रिलीज होने वाली है, लेकिन दिलचस्प बात तो ये है कि इस साल 5 हसीनाओं का बॉलीवुड में डेब्यू होने जा रहा है। ये हसीनाएं इस साल अपने एक्टिंग करियर का आगाज करने जा रही है। बी-टाउन इंडस्ट्री की कुछ मशहूर फीमेल स्टारकिड्स का जिक्र हम कर रहे है, जो इस साल बॉलीवुड की दुनिया में अपना पहला कदम रखने जा रही है। इन हसीनाएं की बॉलीवुड में एंट्री की खबर से उनके फैंस भी काफी ज्यादा एक्साइटेड है।बॉलीवुड के बादशाह यानि शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान बी टाउन इंडस्ट्री की मशहूर स्टारकिड में से एक है। सुहाना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है और उनकी जबरजस्त फैन फॉलोइंग है। सुहाना खान जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से इस साल अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने जा रही है, जिसकी चर्चा बीते काफी समय से बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा भी अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे है। सुहाना खान के भाई आर्यन खान एक्टिंग नहीं बल्कि डॉयरेक्शन की दुनिया में अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने जा रहे है। खुशी कपूर बॉलीवुड इंडस्ट्री की पॉपुलर स्टारकिड में से एक है जो बोनी कपूर और श्रीदेवी की छोटी बेटी है। खुशी कपूर को अक्सर अपनी बहन जान्हवी कपूर के साथ बी टाउन की पार्टियों को अटेंड करते और उनके साथ वेकेशन पर मस्ती करते देखा जाता रहा है। खुशी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। इस साल जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज के जरिए अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई है। शनाया कपूर ग्लैमर इंडस्टी की जानी मानी स्टारकिड है जो बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी है। शनाया कपूर को अक्सर अपनी कजिन जान्हवी कपूर के साथ तमाम पार्टियों में भी स्पॉट किया जाता रहा है। शनाया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और अपने फैंस के साथ एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर करती रहती है। खबरों की मानें तो शनाया कपूर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म बेधड़क से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली है। अलिजेह अग्निहोत्री बॉलीवुड के भाईजान यानि सलमान खान की भांजी है जो कि अतुल अग्निहोत्री और अलवीरा खान अग्निहोत्री की बेटी है। अलिजेह बीते कई समय से अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई है। अलिजेह सौमेंद्र पाधी की फिल्म से अपने एक्टिंग करियर का आगाज करने जा रही है।



अलिजेह की डेब्यू फिल्म का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है। पश्मीना रोशन भी बॉलीवुड इंडस्टी की जानी मानी स्टारकिड में से एक है जो एक्टर ऋतिक रोशन की चचेरी बहन है। पश्मीना रोशन बीते कुछ समय पहले अपनी पर्सनल लाइफको लेकर सुर्खियों में बनी हुई थी। उनका नाम बॉलीवुड के हैंडसम हंक कार्तिक आर्यन के साथ जोड़ा गया था, लेकिन बाद में ये खबरें महज अफवाह साबित हुई। हाल ही में पश्मीना रोशन ने इश्क विश्क रिबाउंड की अनाउंसमेंट से लोगों के बीच हलचल मचा दी है, जिसमें उनके साथ रोहित सराफ नजर आने वाले है। इस तरह से बॉलीवुड की ये 5 हसीनाएं है, जो इस साल फिल्मी दुनिया में पहला कदम रखने जा रहे है, जिन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है। अब इन स्टारकिड्स की बॉलीवुड डेब्यू दर्शकों को कितनी पसंद आती है, ये देखने वाली बात होगी।

## पति नसीरुद्दीन शाह के बयानों से डरी रहती है रत्ना पाठक

बॉलीवुड इंडस्ट्री में नसीरुद्दीन शाह ऐसे अनुभवी और दिग्गज कलाकार है जो अपनी शानदार अदाकरी और जबरजस्त एक्टिंग के लिए जाने जाते है, लेकिन इसके साथ ही नसीरुद्दीन शाह अक्सर अपने बयानों की वजह से भी चर्चा में बने रहते हैं। उनके ये बयान अक्सर उनके लिए मुसीबत भी खड़े कर चुके है। अपने ऐसे बयानों से भले ही नसीरुद्दीन शाह को कोई फर्क न पड़ता हो, लेकिन उनकी पत्नी रत्ना पाठक अपने पति के बयानों से डरी रहती है। नसीरुद्दीन शाह अक्सर कई मुद्दों पर ऐसे बयान देते है, जिनका जमकर विरोध होता आया है। अपने बयानों की वजह से वो अक्सर विवादों में भी फंस चुके है। उनके इन बयानों से उनकी पत्नी रत्ना पाठक ने हाल ही में अपनी राय पेश की है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान रत्ना पाठक ने नसीरुद्दीन शाह के बयान पर अपनी बात की है। एक इंटरव्यू में रत्ना पाठक ने कहा कि उन्होंने उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की कि वो सार्वजनिक तौर पर अपने विचारों को व्यक्त न करें।

# शार्क टैंक इंडिया 2 ट्रोल किए जाने पर नमिता थापर ने दिया करारा जवाब, कहा- मुझे इसका कोई पछतावा नहीं

**सोनी** टीवी पर प्रसारित होने वाला छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' का दूसरा सीजन यानी सीजन 2 एक बार फिर दर्शको के लिए ढेरों सारे नए इनोवेशन और नए आइडियाज लेकर हाजिर हो गया हैं। इस बीच हर कोई इस बिजनेस थीम वाले शो के जरिए बिजनेस की सही परख सीखने के लिए तैयार हैं.दरअसल 2 जनवरी को शो का पहला एपिसोड टेलीकास्ट किया गया। जो दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद भी आया। लेकिन शो की शुरुआत के साथ ही 'शार्क टैंक इंडिया का ये नया सीजन विवादों में घिरा हुआ नजर आ रहा हैं। दरअसल शार्क टैंक इंडिया का दूसरा सीजन, पहले सीजन से काफी अलग नजर आया. शार्क टैंक इंडिया 2 में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। शो में अशनीर ग्रोवर की जगह कार देखो के को-फाउंडर अमित जैन ने ली है। यानी इस बार अमित जैन, पीयूष बंसल, अनुपम मित्तल, अमन गुप्ता, विनीता सिंह और नमिता थापर शो को जज कर रहे हैं। हालांकि, फिर भी पहला एपिसोड देखने के बाद यूजर्स को अशनीर ग्रोवर की कमी खल रही है। इसी के साथ एक और मुद्दे को लेकर शार्क टैंक ट्वीटर पर चर्चा का विषय बना हुआ हैं। दरअसल शार्क टैंक इंडिया की लेडी शार्क यानी जज नमिता थापर को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है, जिस पर अब नमिता ने खुलकर जवाब दिया है। जहां नमिता ने अपने करारा जवाब से ट्रोलर्स की बोलती बंद करती हुई नजर आई हैं। दरअसल शार्क टैंक इंडिया 2 के पहले एपिसोड में एक मैकअप ब्रांड की पिच ने सभी जजों का काफी प्रभावित किया। लेकिन नमिता थापर को यह बिल्कुल भी पसंद नहीं आया, जिसकी पीछे की वजह ये थी कि उनकी साथी शार्क यानी जज विनीता सिंह के मेकअप ब्रांड, शुगर कॉस्मेटिक के लिए वह प्रतियोगिता साबित हो सकता था। इस कारण नमिता थापर को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है और नमिता इस फैसले की जमकर आलोचना की जा रही है। लेकिन अब इन ट्रोल्स को नमिता ने अपने ह ी स्टाइल मे जवाब दिया है और कहा कि जिन लोगों में ईमानदारी की कमी होती है, उन्हें मैं जहर उगलने लगती हूं और मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। नमिता थापर ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा, ष्शार्क होने का मतलब ये नहीं कि हम स्वतंत्र मूल्यों के हकदार नहीं हैं। हम भी साफतौर पर बोल सकते हैं। अगर मैं साथी शार्क की प्रतियोगिता में निवेश नहीं करती हूं, तो इसका मुझे कोई पछतावा नहीं है और अगर लोग मुझे जहर उगलने वाला समझते हैं, तो इससे मुझे दिक्कत नहीं है। मैं उन अज्ञानियों में शामिल नहीं होना चाहती, जो ईमानदारी की कमी वाले लोगों को मानते हैं।दरअसल ये मुद्दा तब शुरू हुआ जब शो के पहले एपिसोड में श्रिकोडश् नामक एक बढ़ते मेक-अप ब्रांड को रिजेक्ट कर दिया था। वही अब दर्शक इस रिजेक्शन पर कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। जहां दर्शकों का कहना है की इस बढ़ते मेक-अप ब्रांड को इसलिए रिजेक्ट किया गया है।



# सर्जरी के बाद जेरेमी रेनर की पहली तस्वीर कर देगी हैरान, चेहरे पर दिखे चोट के निशान

एवेंजर्स स्टार जेरेमी रेनर हाल ही में एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे। जिसके बाद जेरेमी को कई गंभीर छोटे भी आई थी। जिसके बाद से ही जेरेमी के फैंस उनको लेकर काफी ज्यादा चिंतित हो गए थे। वही हादसे के बाद जेरेमी को गंभीर हालत में एयरलिफ्ट के जरिए अस्पताल पहुंचा गया था। जहां उनकी सर्जरी हुई।ऐसे में अब उनके फैंस उनकी एक खबर जाने के लिए काफी बेताब दिख रहे हैं। तो अपने फैंस की इसी बेताबी को जेरेमी ने खुद दूर कर दी हैं। दरअसल अपने साथ हुए भयानक एक्सीडेंट के बाद जेरेमी ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी तबियत का अपडेट दिया



हैं। जहां अपनी हालत के बारे में बताते हुए जेरेमी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया हैं। जिसमें जेरेमी अस्पताल के बिस्तर से सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनके चेहरे पर चोट के निशान भी साफनजर आ रहे हैं। उन्होंने फोटो शेयर करने के साथ कैप्शन में लिखा, आप सभी के ज्ञपदक ॅवतक के लिए थैंक्यू। मैं टाइप करने में अब बहुत गड़बड़ कर रहा हूं लेकिन मैं आप सभी के लिए अपना प्यार भेज रहा हूं. वही अब जेरेमी के पिक्चर शेयर करते के साथ ही एक्टर के फैंस सहित उनके चाहने वाले लगातार अब उनके पोस्ट पर कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। जहां एक्टर की एक पिक्चर देख फैंस ने सुकून की सांस ली हैं। बता दें कि जेरेमी को ÷ब्लंट चेस्ट ट्रॉमा और आर्थोपेडिक चोटें आई थीं। वही जेरेमी पोस्ट पर कमेंट करते हुए क्रिस प्रैट, क्रिस हेम्सवर्थ और क्रिस इवांस सहित उनके एवेंजर्स एंडगेम के को-स्टार्स ने भी उन्हें कमेंट सेक्शन में प्यार भेजा. प्रैट ने लिखा, आपके लिए प्रार्थना जारी है इवांस ने कमेंट किया, टफ एज नेल्स लव यू दोस्त. हेम्सवर्थ ने कहा, ÷स्पीडी रिकवरी दोस्त. अपने तरीके से प्यार भेजना! एक्टर के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्हें फिल्म एवेंजर्स और कैप्टन अमेरिका की सीरीज से दुनिया भर में अलग पहचान मिली। उन्होंने हॉकआई का किरदार निभाया था। इस किरदार से उन्होंने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई। जेरेमी रेनर अब जल्द मेयर ऑफ किंग्सटाउन के दूसरे सीजन में नजर आएंगे।

## जश्न में डूबी काजोल के डांस ने मचाया धमाल, दोस्तों के साथ कीं जमकर मस्ती

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने नए साल के जश्न में अपने पति अजय देवगन और अभिनेता बॉबी देओल के साथ धमाल मचाया है। काजोल ने परिवार और करीबियों के साथ इंडिया में ही न्यू ईयर की धूमधाम से पार्टी की, जिसकी कई तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। रों में काजोल धमाल मचाते हुए नजर आ रही हैं। काजोल ने नए साल की पार्टी करते हुए कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इन तस्वीरों में वह पति अजय देवगन, बहन तनीषा मुखर्जी और बॉबी देओल के साथ पार्टी करते हुए काफी खुश नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए काजोल ने इंस्टाग्राम कैप्शन में लिखा- नया साल की पहली पोस्ट बीते साल का एक रिकैप है। मेरे सभी चाहने वालों के लिए। कुछ महत्वपूर्ण लोग इस पिक्चर में नहीं है, लेकिन उन्हें पता है मैं उनसे कितना प्यार करती हूं। भगवान सब पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

# सर्दियों में नहीं खराब होंगे आपके नाखून, इन तरीकों के साथ करें नेल्स केयर

सर्दियों में त्वचा और बालों के साथ-साथ नाखूनों पर भी असर पड़ता है परंतु महिलाएं त्वचा और बालों के चलते नाखूनों पर ध्यान नहीं दे पाती जिसके कारण इस मौसम में नाखून खराब होने लगते हैं। सर्दी में ड्राईनेस का असर नाखूनों पर भी पड़ता है ऐसे में यह पीले, ड्राई और डैमेज होने लगते हैं। महिलाएं नाखून ठीक करने के लिए कई नेल केयर प्रोडक्ट्स भी इस्तेमाल करती हैं लेकिन फिर भी नाखून खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कुछ आसान नेल केयर टिप्स को फॉलो करके सर्दियों में इनकी केयर कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

नाखूनों पर लगाएं क्रीम

सर्दियों में नाखूनों का ध्यान रखने के लिए आप नील क्रीम जरुर लगाएं। अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड, लैनोलिन या यूरिया वाला लोशन आप नाखूनों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इनका इस्तेमाल करने से आपके नाखून हैल्दी और चमकदार रहेंगे।

क्यूटिकल ऑयल लगाएं

नेल्स क्यूटिकल्स की स्पेशल देखभाल करने के लिए आप क्यूटिकल ऑयल जरुर लगाएं। ऑयल लगाने से पहले नाखूनों को गर्म पानी में भिगो दें। फिर नेल्स पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं और एक घंटे के लिए ग्लव्स पहन लें। इससे आपके नाखून हैल्दी रहेंगे।

**ग्लव्स जरुर पहनें**

सर्दियों में नाखूनों को ठंड से बचाने के लिए आप हाथों में ग्लव्स जरुर पहनें। रात में सोने से पहले आप नाखूनों पर नारियल या फिर जैतून के तेल से मसाज करें इसके बाद हाथों में गलव्स पहनें। इससे नाखूनों में मॉइश्चर बना रहेगा और नेल्स डैमेज भी नहीं होंगे।

**डाइट का रखें ध्यान**

सर्दियों में न्यूट्रिएंट्स रिच फूड्स का सेवन करके भी आप नाखूनों को हैल्दी रख सकते हैं। कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन-सी से भरपूर चीजों का आप सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा नाखूनों को समय-समय पर ट्रिम भी करते रहें।

नेल पेंट और रिमूवर न करें इस्तेमाल

सर्दियों में आप नेल पेंट और नेल रिमूवर का इस्तेमाल भी कम ही करें। इनमें पाया जाने वाला एसीटोन नाखूनों को डैमेज करके कमजोर कर सकता है। इसके कारण नाखून टूट भी सकते हैं। इसके अलावा कैमिकल युक्त साबुन और डिटर्जेंट पाउडर से भी नाखूनों को दूर ही रखें।

बायोटीन कैप्सूल का करें इस्तेमाल

सर्दियों के मौसम में आप नाखूनों को मजबूत और चमकदार बनाने के लिए नेल केयर रुटीन में बायोटीन कैप्सूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन आप किसी भी तरह के बायोटीन कैप्सूल का इस्तेमाल करने से पहले किसी डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह ले लें। इस तरीकों से आपके नाखून मजबूत और शाईनी दिखेंगे।

# कोरोना से बचना चाहते हैं तो अभी से खाना शुरु कर दें ये इम्यूनिटी बूस्ट फूड्स

**दुनिया** भर में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। चीन में कोविड के नए वेरिएंट के बढ़ते मामलों के कारण भारत भी सतर्क हो गया है। बढ़ते कोविड से अपना बचाव करने के लिए आप कुछ फूड्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह फूड्स आपकी इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करेंगे। तो चलिए आपको बताते हैं ऐसे फूड्स जिन्हें आप डाइट में शामिल कर सकते हैं...

**पालक**

सर्दियों के मौसम में यदि आप इम्यूनिटी मजबूत करना चाहते हैं तो पालक को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें विटामिन-सी, जिंक, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करते हैं। इससे आपकी इम्यूनिटी भी मजबूत होगी और आंखों की रोशनी भी बढ़ेगी।

**बादाम**

बादाम का सेवन करने से दिमाग तेज होता है, इसके अलावा इसका सेवन करने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। इसमें प्रोटीन, मिनरल्स, विटामिन्स पाया जाता है। रोजाना 4-5 भीगे हुए बादाम खाने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।




**अंडा**

अंडे का सेवन आप कोरोना से बचने के लिए कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन, विटामिन, ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने के अलावा आपके शरीर को एनर्जी देने में भी मदद करते हैं। आप रोजाना अंडे का सेवन कर सकते हैं। उबला हुआ अंडा या फिर ऑमलेट आप डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**हल्दी**

हल्दी का सेवन आप इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए कर सकते हैं। इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो किसी भी तरह के इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं। हल्दी का सेवन करके सर्दी, खांसी, बुखार, गले की खराश और बुखार जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। आयुर्वेद के अनुसार, हल्दी का सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत रहती है।

**विटामिन-सी फूड्स**

विटामिन-सी युक्त फूड्स का सेवन करके भी आप इम्यूनिटी मजबूत कर सकते हैं। खासकर खट्टे फलों में विटामिन-सी की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है। संतरा, अमरुद , आंवला, मोसंबी, नींबू, कीवी जैसे फलों को आप डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**मुलेठी**

मुलेठी में एंटीवायरल, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो कई तरह की बीमारियों से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, मुलेठी वाली चाय का सेवन करके आप सर्दी, जुकाम जैसी समस्याओं से राहत पा सकते हैं।

**लाल शिमला मिर्च**

लाल शिमला मिर्च में 3 गुणा ज्यादा विटामिन-सी होता है। इसके अलावा शिमला मिर्च में बीटा-कैरोटीन की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है जो इम्यूनिटी बूस्ट करने के साथ-साथ आंखों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है।

# ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करेंगी अनन्या पांडे

## इस वेब सीरीज का नाम `कॉल मी बे 'होगा, जिससे अनन्या अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री अनन्या पांडे बहुत जल्द ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे जल्द ही ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। अन्नया जल्द ही एक सीरीज में नजर आने वाली है। कहा जा रहा है कि अनन्या फिल्मकार करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही सीरीज का हिस्सा होंगी। इस वेब सीरीज का नाम 'कॉल मी बे 'होगा, जिससे अनन्या अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। करण जौहर ने ही अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से अनन्या पांडे को लॉन्च किया था और अब करण जौहर की अनन्या पांडे को ओटीटी पर लॉन्च करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अनन्या पांडे इस वेब सीरीज में एक अरबपति फैशन ऑइकन का रोल प्ले करेंगी, जिसे एक घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से दूर कर दिया है। सीरीज 'कॉल मी बे' का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं।अनन्या पांडे की आने वाली वेब सीरीज 'कॉल मी बे ' को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजान प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे बहुत जल्द ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे जल्द ही ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। अन्नया जल्द ही एक सीरीज में नजर आने वाली है। कहा जा रहा है कि अनन्या फिल्मकारकरण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही सीरीज का हिस्सा होंगी। इस वेब सीरीज का नाम कॉल मी बे होगा, जिससे अनन्या अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। करण जौहर ने ही अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अनन्या पांडे को लॉन्च किया था और अब करण जौहर की अनन्या पांडे को ओटीटी पर लॉन्च करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अनन्या पांडे इस वेब सीरीज में एक अरबपति फैशन ऑइकन का रोल प्ले करेंगी, जिसे एक घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से दूर कर दिया है। सीरीज कॉल मी बे का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं।अनन्या पांडे की आने वाली वेब सीरीज कॉल मी बे को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजान प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। करण जौहर ने ही अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से अनन्या पांडे को लॉन्च किया था और अब करण जौहर की अनन्या पांडे को ओटीटी पर लॉन्च करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अनन्या पांडे इस वेब सीरीज में एक अरबपति फैशन ऑइकन का रोल प्ले करेंगी, जिसे एक घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से दूर कर दिया है। सीरीज 'कॉल मी बे' का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं।अनन्या पांडे की आने वाली वेब सीरीज 'कॉल मी बे ' को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजान प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।